
डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



सिनेमा-गुमनाम' के ट्रेलर के साथ अक्षय कुमार की फिल्म 'कटपुतली' को किया टैग

वर्ष -08 अंक -156 | प्रयागराज, शुक्रवार 02 सितंबर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### मलेशिया की पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रज्जाक की पत्नी को दस साल की कैद


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कुआलालंपुर।** मलेशियाई कोर्ट ने गुरुवार को रोसमाह मानसर को दस साल कैद की सजा सुनाई। वे पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक की पत्नी हैं। उनपर रिश्वत मांगने और लेने का आरोप है वह भी सरकारी कंट्रैक्ट के लिए। कुछ दिन पहले ही पूर्व प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार के मामले में जेल की सजा दी गई। साल 2018 में नजीब की चौंकाने वाली चुनावी हार के बाद से दंपती अनेक भ्रष्टाचार मामलों में घिर गए, दरअसल मतदाताओं ने गुस्से में



रज्जाक की नौ सालों की सत्ता को झटके में खत्म कर दिया।नजीब की पत्नी रोसमाह की असाधारण लाइफस्टाइल सुर्खियों में रही है। उनके सूट, शूज और हर्मिज बिर्किन बैग पर चर्चाएं होती रहीं हैं। रोसमा को 970 मिलियन रिंगगिट यानि 216.45 मिलियन डालर का भुगतान करना होगा जो मलेशिया के इतिहास में रिकार्ड है। उनपर रिश्वत लेने के तीन आरोप हैं।कुआलालंपुर हाई कोर्ट जज मोहम्मद जैनी मजलन ने यह जानकारी दी। उन्होंने आगे बताया कि रोसमा जमानत पर रिहा हो जाएंगी। पीले रंग के मलेशियाई पारंपरिक वस्त्र बाजु कुरुंग- लंबे ब्लाउज के साथ स्कर्ट व मेल खाती हेडस्कार्फ में रोसमा ने फैसला सुनने के बाद जज से दुखी होकर कहा, 'आज जो हुआ उससे में बेहद दुखी हूं। किसी ने मुझे रिश्वत में रकम लेते नहीं देखा, न हीं गिनते देखा लेकिन फिर भी यदि ऐसा फैसला आता है तो मैं ऊपरवाले पर छोड़ती हूं।'

## गुलाम नबी आजाद से हुड्डा की मुलाकात पर हरियाणा कांग्रेस में राजनीति गरमाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चंडीगढ़।** कांग्रेस छोड़ने वाले पार्टी के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद से कुछ दिन पहले हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मुलाकात की थी। इसके बाद राज्य में कांग्रेस की राजनीति में भूचाल आ गया है। आज इस मुलाकात को लेकर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। गुलाब नबी आजाद से मुलाकात पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा, कौन क्या कहता है, मुझे नहीं पता। कोई कुछ भी कहता रहता है। आजाद ने अचानक से पार्टी छोड़ी, उसके बारे में हमें कुछ नहीं बताया। हुड्डा ने कहा कि गुलाम नबी आजाद से उन्होंने यही पूछा कि उन्होंने पार्टी क्यों छोड़ी। सोनिया गांधी ने हमारी बात मानी। पार्टी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होने जा रहा है।हुड्डा ने कहा कि गुलाम नबी आजाद और हम बरसों एक ही परिवार का हिस्सा रहे हैं। ऐसे में उनसे मिला और पार्टी छोड़ने का कारण पूछा। पूर्व सीएम ने कहा कि वह गांधी परिवार के साथ हमेशा



खड़े थे और रहेंगे। फिलहाल वह 4 सितंबर की हल्ला बोल रैली की तैयारियों जुटे हुए हैं। रैली में हरियाणा से बड़े जनसैलाब की भागीदारी होगी।वहीं, गुलाम नबी आजाद से हुड्डा की मुलाकात पर पूर्व प्रदेश अध्यक्षा कुमारी सैलजा ने हाईकमान को चिट्ठी लिखी है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्षा और मौजूदा सीडब्ल्यूसी सदस्या ने कहा कि जिस तरीके से भूपेंद्र सिंह हुड्डा और गुलाम नबी आजाद के बीच मुलाकात होती है यह कहीं न कहीं सही नहीं है। इस पूरे मामले को मैंने आलाकमान के सामने अपनी बात रखी है। कुमारी सैलजा ने कहा कि उन्होंने हाईकमान से मांग की है कि इस मामले का संज्ञान लें, क्योंकि मुलाकात का समय सही नहीं है। अब गुलाम नबी आजाद कांग्रेस मे नहीं हैं। जिस तरीके से गुलाम नबी आजाद ने पिछले दिनों कांग्रेस को छोड़ा। पूर्व प्रदेश अध्यक्षा ने कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ कांग्रेस के खिलाफ उन्होंने बहुत सारी बातें बोली उसके बाद गुलाम नबी आजाद से जाकर मिलना यह कहीं न कहीं हरियाणा और कार्यकर्ताओं में गलत मैसेज छोड़ता है, जिससे कांग्रेस को नुकसान हो सकता है। कांग्रेस को इस पूरे मामले में संज्ञान जरूर लेना चाहिए। सैलजा ने कहा कि उन्होंने अपनी भावनाओं से पार्टी हाईकमान को अवगत करा दिया है।

## आतंकवाद मामले में इमरान खान को मिली राहत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान की आतंकवाद रोधी अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की अंतरिम जमानत की अवधि 12 सितंबर तक बढ़ा दी है। इससे पहले अगस्त में इस्लामाबाद के सदर मजिस्ट्रेट अली जावेद की शिकायत पर इऊघ् प्रमुख इमरान खान पर 20 अगस्त को हुई रैली के दौरान संघीय राजधानी की एक महिला न्यायाधीश को धमकी देने का मामला दर्ज किया गया था। अदालत द्वारा जारी समन के जवाब में इमरान खान आज दोपहर व्यक्तिगत रूप से सुनवाई में शामिल होने के लिए अदालत में पेश हुए। स्थानीय टीवी चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, अंतरिम जमानत की अवधि 12 सितंबर तक बढ़ाते हुए, अदालत ने खान को 1 लाख रुपए जमानत के रूप में जमा करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि इमरान खान के खिलाफ प्राथमिकी में चार नई



धाराएं 186, 504, 506 और 188 जोड़ी गई हैं। बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री ने आतंकवाद विरोधी अदालत से एक मामले में जमानत प्राप्त की थी, जहां उन पर एक महिला न्यायाधीश और इस्लामाबाद पुलिस अधिकारियों के खिलाफ धमकी भरे भाषण के लिए आतंकवाद कानून के तहत आरोप लगाया गया था। ने 1 सितंबर तक अध्यक्ष की अंतरिम जमानत को 1 लाख रुपये के मुचलके के खिलाफ मंजूरी दे दी और उन्हें फिर से अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था। 20 अगस्त को इस्लामाबाद में अपने भाषण में कथित रूप से अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जेबा चौधरी को धमकी देने के आरोप में इमरान खान के खिलाफ मारगल्ला पुलिस स्टेशन में आतंकवाद का मामला दर्ज किया गया था। स्थानीय अखबार डान के अनुसार, शुरुआत में खान के खिलाफ आपराधिक के साथ-साथ न्यायिक अवमानना, अदालत की अवमानना अध्यादेश, 2003 की धारा 5 के तहत मामला दर्ज किया गया था। बता दें कि इमरान खान ने 20 अगस्त को अपने चीफ आफ स्टाफ शाहबाज गिल के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए संघीय राजधानी में एक रैली की थी।

## अमानतुल्लाह समेत कई एएपी विधायक पुलिस हिरासत में

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के खिलाफ राजनिवास के सामने धरना दे रहे आप (ंइ) के कई विधायकों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इनमें अमानतुल्लाह खां, दिलीप



पांडेय, सौरभ भारद्वाज समेत कई विधायक हैं इससे पहले पुलिस ने आकर धरना दे रहे विधायकों को सलाह दी थी कि वे यहां से उठ जाएं, यहां धारा 144 लगी हुई है, मगर विधायक नहीं माने। इस पर इन्हें हिरासत में ले लिया गया है और थाने ले जाया गया है।आम आदमी पार्टी के विधायकों का कहना है कि दिल्ली में अपराध बढ़ रहे हैं और महिलाएं राजधानी में सुरक्षित नहीं हैं। वो एलजी से अपराधिक घटनाओं को लेकर जवाब मांग रहे हैं। धरना प्रदर्शन में दिल्ली सरकार का कोई भी मंत्री शामिल नहीं है इस मौके पर आप विधायक दिलीप पांडेय ने कहा कि वे अपराध बढ़ने पर एलजी को ज्ञापन देने आए थे कि एलजी साहेब अपराधों पर लगाम लगाएं। लेकिन एलजी हाउस जाने नहीं दिया गया, उन्हें बाहर रोक दिया गया है। इसलिए हम धरने पर बैठ गए।

## अवैध संबंध में पति बन रहा था रोड़ा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**रुड़की।** रुड़की के पथरी थाना क्षेत्र के सतबीर की हत्या के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी



समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले का राजफाश करते हुए एसपी देहात परमेंद्र डोबाल ने बताया कि सतबीर की पत्नी नीतू के उसके रिश्तेदार गुरुसेवक मदपुरी थाना बढ़पुरा थाना जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश से अवैध संबंध थे। इनमें सतबीर रोड़ा बन रहा था। उसे रास्ते से हटाने के लिए उन्होंने योजना बनाई थी। पहले गुरु सेवक और उसका साथी मोनू उसे पंजाब ले गया इसके बाद वहां से लौटते समय सुबह करीब 2:30 बजे सालियर बाईपास मार्ग पर उसकी गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस टीम को ढाई हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है। बता दें कि मंगलवार को पथरी थाना क्षेत्र के एक्कड़ गांव निवासी एक युवक की गला काटकर हत्या कर दी गई। युवक का शव सालियर-मंगलौर हाईवे के किनारे पनियाला गांव के समीप पड़ा मिला है। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। मंगलवार सुबह करीब छह बजे हाईवे किनारे ग्रामीणों को खून से सना हुआ शव पड़ा नजर आया। ग्रामीणों की सूचना पर सीओ विवेक कुमार व गंगनहर कोतवाली के एसएसआइ धर्मेंद्र राठी मौके पर पहुंचे थो। मृतक की शिनाख्त के लिए उसकी जेब खंगाली गई तो उसमें आधार कार्ड निकला।

## राजस्थान में गहलोत सरकार के फैसलों पर अपने ही मंत्री उठा रहे सवाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**जयपुर।** राजस्थान की गहलोत सरकार में खींचतान चरम पर पहुंच गई है। मंत्री अपनी ही सरकार के फैसलों पर सवाल उठाने लगे हैं। अपने विभाग में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रमुख सचिव कुलदीप रांका के दखल से नाराज चल रहे खेल राज्यमंत्री अशोक चांदना ने अब सामान्य प्रशासन विभाग के उस फैसले पर नाराजगी जताई है, जिसमें कांग्रेस के अग्रिम संगठनों के कार्यालय को खाली करने के लिए कहा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग का जिम्मा सीएम अशोक गहलोत के पास है। विभाग ने जयपुर के बनीपार्क स्थित बंगला नंबर 613 को खाली करने के निर्देश दिए हैं। अब तक इस बंगले में कांग्रेस के अग्रिम संगठन युवक कांग्रेस, सेवादल और एनएसयूआइ के दफ्तर चलते थे, लेकिन अब सरकार के निर्देश के बाद यह बंगला खाली किया जा रहा है चांदना ने सीएम को खुला पत्र लिखकर अग्रिम संगठनों के कार्यालय को खाली करवाए जाने का विरोध किया है। चांदना ने कहा कि कार्यालय को खाली करवाए जाने की सूचना से मन पीडित है। अग्रिम संगठनों के साथ न्याय नहीं हुआ है। चांदना का यह पत्र इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कांग्रेस (ण्दहीं) को शहर के अस्पताल रोड़ पर एक बंगला आवंटित किया गया है । ऐसे में नियमों के अनुसार बनीपार्क वाला बंगला खाली करना होगा। उधर, खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने



मुख्यमंत्री को एक नोटशीट भेजकर जयपुर के जवाहर सर्किल पुलिस थाना अधिकारी राधारमण गुप्ता और मुहाना पुलिस थाना अधिकारी लाखन सिंह खटाणा का तबादला शहर से बाहर करने के लिए कहा है। खाचरियास ने कहा कि दोनों थाना अधिकारियों से कांग्रेस के कार्यकर्ता नाखुश हैं। मंत्री द्वारा सीएम को लिखी गई आंतरिक नोटशीट सार्वजनिक होने के बाद सरकार में असंतोष बढ़ने लगा है। मंत्री द्वारा सीएम को लिखी गई आंतरिक नोटशीट दो दिन से इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रही है।इससे सरकार की गोपनीयता पर सवाल उठने लगे हैं। गृह विभाग का जिम्मा भी गहलोत संभालते हैं। पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट सात सितंबर को 45 साल के हो जाएंगे। जन्मदिन से एक दिन पहले छह सितंबर को जयपुर में कार्याक्रम होगा। पायलट समर्थक इस दिन शक्तिप्रदर्शन की तैयारी में जुटे हैं। प्रदेशभर से लोगों को जयपुर लाने की योजना बनाई गई है। पायलट को जन्मदिन पर बधाई देने पहुंचने वालों विधायकों और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पर सबकी नजर रहेगी। सात सितंबर को कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से शुरू होने जा रही है। पायलट इस यात्रा में राहुल गांधी के साथ रहेंगे, इसलिए जन्मदिन पर कार्यक्रम एक दिन पहले आयोजित किया जा रहा है। विधायक खिलाड़ी लाल बैरवा ने फिर पायलट को सीएम बनाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गहलोत को पार्टी ने बहुत कुछ दिया है, अब पायलट को सीएम बनाया जाना चाहिए। विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा ने कहा कि बैरवा वरिष्ठ विधायक हैं, उन्होंने सोचकर ही कुछ कहा होगा।

## पहला वर्चुअल स्कूल बनाने की अरविंद केजरीवाल की घोषणा पर क्यों शिक्षा मंत्रालय ने जताया अचंभा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शराब नीति के बाद दिल्ली में स्कूलों को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। बुधवार की सुबह जहां दिल्ली में स्कूलों को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी के नेता भिड़े वहीं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से दिल्ली में देश का पहला वर्चुअल स्कूल बनाने की घोषणा के बाद केंद्र सरकार की ओर से आश्चर्य जताते हुए पूरा आंकड़ा दिखा दिया गया कि केंद्र सरकार की ओर से तो एक साल पहले ही यह शुरूआत हो चुकी है। सात हजार से ज्यादा केंद्रों से लगभग सवा दो लाख बच्चे वर्चुअल शिक्षा ले रहे हैं। बुधवार की दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा था- 'आज शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी क्रांति की यशुरुआत. आज देश का पहला वर्चुअल स्कूल दिल्ली में शुरू'। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान(एनआइओएस) की चेयरमैन प्रोफेसर सरोज शर्मा ने प्रतिक्रिया जताते हुए कहा- 'दिल्ली के मुख्यमंत्री के इस घोषणा से मैं हैरान हूं। वह यह दावा कैसे कर सकते है। देश में इसकी शुरूआत तो साल भर पहले ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धमेंद्र प्रधान ने की थी। और लाखों बच्चे इसका लाभ ले रहे हैं।' शिक्षा मंत्रालय ने अपने दावे की पुष्टि में संबंधित दस्तावेज भी जारी किए है।

## आगामी विधानसभा चुनाव के लिए राहुल गांधी से करिश्मे की उम्मीद


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भले ही अपनी कार्यशैली को लेकर आलोचनाओं से घिरे हैं, लेकिन मध्य प्रदेश कांग्रेस ने उनसे करिश्मे की उम्मीद लगा रखी है। निचले स्तर पर संगठन की कमजोरी से जूझती कांग्रेस को



उम्मीद है कि राहुल नवंबर में अपने मध्य प्रदेश प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह भर देंगे। यही कारण है कि प्रदेश कांग्रेस राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी में जुट गई है। चूंकि इस यात्रा के संयोजक पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह हैं, इसलिए भी राज्य से इसे जोड़ने की तैयारी हो रही है। पार्टी को उम्मीद है कि राहुल 2023 के विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के एजेंडे को जनता के बीच प्रभावी ढंग से रखकर माहौल बना देंगे। इस कोशिशों के बीच सच यह है कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस चुनौती से जूझ रही है। यह चुनौती है जमीनी स्तर पर संगठन की कमजोरी। लगभग 15 साल के वनवास के बाद 2018 के विधानसभा चुनाव में वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर जैसे-तैसे सत्ता में आ गई थी। सरकार बनने के बाद कांग्रेस ने कमल नाथ को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंपी, लेकिन लगभग सवा साल बाद ही आपसी लड़ाई में उनकी सरकार चली गई। मुख्यमंत्री रहते कमल नाथ ने प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष पद भी अपने पास बनाए रखा। सरकार और संगठन दोनों का मुखिया होने के बाद भी वह वैसा करिश्मा नहीं कर सके, जिसकी कांग्रेस को जरूरत थी। गुटों में बंटी कांग्रेस अक्सर अनिणाय या अंतर्विरोध जूझती रही। सरकार जाने के बाद भी कांग्रेस का संगठनात्मक ढांचा पूर्ववत बना रहा। अब जबकि भाजपा 2023 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में पूरी ताकत से जुट गई है तो कांग्रेस को जमीनी सच्चाई का अहसास होने लगा है।

## कई फैक्टर प्रभावित करेंगे भारतीय बाजार की दिशा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आने वाले दिनों में कई फैक?टर होंगे जो बाजार की दिशा तय करने में भूमिका निभाएंगे। बाजार के जानकारों की मानें तो निकट भविष्य में भारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत दर को लेकर लिए गए



फैसले, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर को लेकर उठाए गए कदम और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह जैसे कारक भारतीय शेयर बाजार की दिशा को निर्धारित करेंगे। यही नहीं कंपनियों के सितंबर तिमाही के नतीजे भी बाजार के रुख को तय करेंगे। विश्लेषकों का कहना है कि बाजार में तेजी का रुख बरकरार है। इस साल 17 जून को बीएसई सेंसेक्स 52 हफ्ते के निचले स्तर 50,921.22 पर था। इस रुख को लेकर बाजार में चिंता जरूर थी लेकिन इसमें अब तक 16.91 फीसद की तेजी आ चुकी है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 16.96 फीसद मजबूत हुआ है। वैसे अब तक सेंसेक्स और निफ्टी के आंकड़े संतोषजनक कहे जा सकते है। अब तक सेंसेक्स 2.20 फीसद और निफ्टी 2.33 फीसद के लाभ में रहे है। मार्केट्स मोजो के मुख्य निवेश अधिकारी सुनील दमानिया कहते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिहाज से बाजार का प्रदर्शन संतोषजनक कहा जा सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रदर्शन के चलते ओवरऑल देखें तो बाजार में तेजी का रुख है। हाल ही में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर को छू गया जिससे चिंता पैदा हुई थी लेकिन अब यह स्थिर है। दमानिया कहते हैं कि मौजूदा रूझान बतलाते हैं कि दिवाली तक बाजार धारणा में और मजबूती आएगी। सुनील दमानिया ने आगे कहा कि मौजूदा वक्त में निवेशक बाजार की तेजी को लेकर भले ही सतर्क हों लेकिन अनुमान है कि दिसंबर 2022 तक सेंसेक्स 65,000 अंकों को छू सकता है।

## जम्मू कश्मीर में गुलाम नबी आजाद के साथ एक और चेहरा हो सकता है खास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस से इस्तीफा देने और नई पार्टी के ऐलान के लिए दिन तारीख तय करने के बाद यहां की राजनीतिक पृष्ठभूमि में काफी कुछ नया देखने को मिल सकता है। जम्मू कश्मीर के आगामी राजनीतिक समीकरण भी आने वाले दिनों में काफी दिलचस्प हो सकते हैं। ये इसलिए भी और खास हो जाएंगे क्योंकि जानकार मान रहे हैं कि केंद्र जल्द ही जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव का ऐलान कर सकती है। ऐसे में यहां की राजनीति सूरत कैसी होगी इसको लेकर कमल कान्त वर्मा ने वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक कमर आगा से बात की है। आपको बता दें कि आजाद के कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद आगा ने ही कहा था कि वो अपनी नई पार्टी बनाएंगे। कमर आगा का मानना है कि आने वाले दिनों में केंद्र जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव का ऐलान कभी भी कर देगी। इसको लेकर गुलाम नबी आजाद पूरी तरह से फ्रंटफुट पर आकर खेलने का मन बना चुके हैं। अब उनका ध्यान पूरी



तरह से इस चुनाव पर है। आगा के मुताबिक भाजपा में जाने की जो अटकलें पहले आजाद को लेकर लगाई जा रही थीं वो इसलिए गलत थीं क्योंकि वहां पर जाकर उनका करियर लगभग खत्म हो जाता। भाजपा के पास जम्मू कश्मीर में पहले से ही कई बड़े नेता मौजूद हैं। ऐसे में आजाद की वहां पर सही जगह नहीं बन पाती। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक आगा का ये भी कहना है कि जम्मू कश्मीर की चुनावी जंग में एक और चेहरा बेहद खास है। ये चेहरा फारुख अब्दुल्ला हैं। आजाद की पकड़ जहां जम्मू क्षेत्र में है तो फारुख अब्दुल्ला की पकड़ कश्मीर में है। यदि वहां पर चुनाव होते हैं तो किसी एक पार्टी को पूर्ण समर्थन मिलना लगभग नामुमकिन है। ऐसे में काफी हद तक ये मुमकिन है कि फारुख अब्दुल्ला और आजाद की नई पार्टी के बीच आने वाले समय में कोई नया गठबंधन बनता दिखाई दे जाए। इसमें भाजपा की भी अहम भूमिका होगी। ये भी मुमकिन है कि भाजपा और गुलाम नबी आजाद के बीच ये गठबंधन हो। लेकिन इस चुनावी जंग में फारुख अब्दुल्ला को दरकिनार करना केंद्र के लिए भी मुश्किल होगा। कमर आगा का कहना है कि फारुख अब्दुल्ला का परिवार भारत समर्थक रहा है। केंद्र ये कभी नहीं चाहेगा कि चुनाव में सत्ता उस पार्टी या उस धड़े के हाथ लग जाए जो पाकिस्तान समर्थक हो। ऐसे में भाजपा-फारुख-आजाद की तिगड़ी के रूप में जम्मू कश्मीर में एक नया राजनीतिक समीकरण आने वाले दिनों में सामने आने लगेगा। उनके मुताबिक इसकी कहीं न कहीं शुरुआत संसद से हो चुकी है। आगा के मुताबिक फारुख अब्दुल्ला का पीएम नरेन्द्र मोदी के समक्ष आकर हालचाल लेना कोई अनौपचारिक या यूं ही होने वाली बात नहीं थी।

# सैम हींगिनबॉटम कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कैंसर जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया

## मीडिया न्यूज और इनर व्हील क्लब द्वारा यह कार्यक्रम संपन्न हुआ






(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** प्रयागराज में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अवसर पर मीडिया न्यूज और इनर व्हील क्लब द्वारा कैंसर जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में प्रयागराज के प्रसिद्ध डॉक्टर राधा रानी को शो डॉक्टर सभी अहमद ने कैंसर से बचाव के लिए उपाय भी बताएं इस दौरान कैंसर किस तरह से शरीर में उत्पन्न होते हैं और कैंसर से किस तरह से बचाव किया जाए इसको लेकर लोगों को डॉक्टर ने जागरूक किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रयागराज की मेयरअभिलाषा गुप्ता नंदी भी मौजूद रही।

# उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान हेतु करें आवेदन 15 अक्टूबर तक -जिलाधिकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ख्यातिलब्ध महानुभावों को उ0प्र0 गौरव सम्मान प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया है कि उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान कला एवं संस्कृति, कृषि, उद्यमिता, कौशल विकास विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, साहित्य, शिक्षा, खेल, समाजसेवा, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, ग्राम विकास आदि में अपने व्यक्तिगत प्रयासों से उत्कृष्टता के आयाम स्थापित करते हुये राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश को गौरवान्वित करने वाले ख्यातिलब्ध महानुभावों को उ0प्र0 सरकार द्वारा उ0प्र0 गौरव सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान हेतु वह उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिये, विभिन्न विधाओं/कार्य क्षेत्रों के ऐसे राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त महानुभाव जिन्होने अपनी प्रतिभा, दीर्घ साधना के आधार पर श्रेष्ठ उपलब्धि प्राप्त की है, जिन्होने देश एवं विदेश में उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया हा, राज्य सरकार अथवा भारत सरकार से पूर्व में किसी अन्य राष्ट्रीय/राज्य पुरस्कार अथवा सम्मान प्राप्त महानुभाव को सामान्यतया इस पुरस्कार की पात्रता परिधि में नही रखा जायेगा।

# महिलाओं पर टिप्पणी व उन्माद फैलाने के आरोपी की जमानत मंजूर

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक ट्वीट व टिप्पणी कर धार्मिक उन्माद फैलाने से जुड़े मामले के आरोपी जमानत अर्जी स्वीकार कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति दीपक वर्मा ने मो. सैफ अली कीअर्जी पर दिया है। निचली अदालत में जमानत अर्जी खारिज होने पर हाई कोर्ट में अपील की थी : मामले के तथ्यों के अनुसार आरोपी पर ट्विटर पर महिलाओं के संदर्भ में ऐसी टिप्पणी करके जानबूझकर धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप लगाया गया। उसे गत जून माह में गिरफ्तार किया गया। निचली अदालत से जमानत अर्जी खारिज होने पर हाई कोर्ट में यह प्रार्थना पत्र दिया गया।

# जिला मजिस्ट्रेट ने 03 गुण्डों को किया जिला बदर एवं 01 का शस्त्र लाइसेंस निरस्त

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ के जिन व्यक्तियों का आस-पास के क्षेत्रां में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नहीं करता है ऐसे 03 व्यक्तियों को जिला मजिस्ट्रेट डा0 नितिन बंसल ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। उन्होंने थाना मानिकपुर ग्राम कुशाहिलडीह के अजीत यादव उर्फ लालचन्द्र यादव पुत्र छोटेलाल यादव व बुदुन उर्फ गुलाबचन्द्र यादव पुत्र छोटेलाल यादव तथा थाना कुण्डा ग्राम करीमनगर के नारेन्द्र पुत्र शारदा प्रसाद को 06 माह के लिये जिला बदर किया है।इसके अलावा जनपद के शस्त्र लाइसेंसी जो आपराधिक क्रियाकलाप में लिप्त होने एवं शस्त्र अनुज्ञा-पत्र की शती का उलुंघन करने के दोषी पाये गये थाना कोहड़ौर ग्राम लाखीपुर (बोझवा) के रमेश कुमार यादव पुत्र जगननथ यादव के शस्त्र लाइसेंस डीबीबीएल को जिला मजिस्ट्रेट डा0 नितिन बंसल ने निरस्त कर दिया है।




# सैनिक स्कूल तिलैया राष्ट्र निर्माण का अहम् भागीदार

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** पुटुस से पटे हुए सड़क के दोनों किनारे। मुख्य दरवाजे पर बारिश से भीगा तोप। अंदर घुसते ही, बाईं तरफ छोटी-छोटी दकानें, जो एक बोर्डिंग स्कूल में रह रहे बच्चौं की छोटी-बड़ी जरूरतों को पूरा करने का सामर्थ्य रखते थे। मसलन टेलीफोन पीसीओ, नाई की दकान, जनरल स्टोर, स्टेशनरी शॉप, टेलर शॉप। और दाहिनी तरफ एक छोटे से पार्क में अपनी चोचं ऊपर की तरफ उठाए एक फाइटर जेट। फिर बाईं तरफ एक पानी की ऊँची सी टंकी और उसपर बने मधमुक्खी के बड़े-बड़े छत्ते जैसे छेदी टेलर मास्टर की झरियों से लटकती दाढ़ी। लगभग सभी सड़कों के दोनों तरफ कतार में छोटे-बड़े पेड़ - युकलिप्टस, बरगद, पीपल, सागवान और विशाल महुआ भी; झाड.ियाँ - बैगणबेलिया, चम्पा, पुटुस और एक षष्टमुखी मंदिर के आसपास छुईमुई भी। सैनिक स्कूल तिलैया, देश के सर्वश्रेष्ठ आवासीय विद्यालयों में से एक है। यह 16 सितंबर 1963 को बिहार राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री के बी सहाय और संस्थापक प्राचार्य, लेफ्टिनेंट कर्नल एल.इ.जी. स्मिथ के संयुक्त प्रयासों से तिलैया डैम के समीप अस्तित्व में आया। सीमित कर्मचारियों और संसाधनों के साथ लेकिन सामूहिक सामाजिक उत्साह से प्रेरित होकर, स्कूल ने अपनी यात्रा शुरू की और आज स्कूल परिवार में 3 सक्रिय सेवा अधिकारी, 3 राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) और 2 शारीरिक प्रशिक्षण कर्मचारी (पीटीआई) कर्मचारी, 43 अकादमिक और लगभग 22 प्रशासनिक कर्मचारी और 72 सामान्य कर्मचारियों के साथ-साथ 875 कैडेटों की संख्या (गर्ल कैडेट्स सहित) और 25 दिवसीय स्कॉलर्स हो गए हैं। जिससे, पूरे भारत में 33 सैनिक स्कूलों में सैनिक स्कूल तिलैया सबसे बड़ा बन गया है। स्कूल आधुनिक और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का दावा करता है, जिसे उच्च आदर्श और राजसी लक्ष्यों के साधने के लिए डिज़ाइन किया गया है। जिसमें यह सुनिश्चित करने के लिए अत्यधिक देखभाल की जाती है कि यहाँ पढ़ने वाले कैडेटों के व्यक्तित्व को इस तरह से ढ़ाला जाए जो उन्हें जीवन की हर चुनौती से मुकाबला करने के लिए खड़ा कर सके। सभी सैनिक स्कूलों में, सैनिक स्कूल तिलैया ने शैक्षणिक वर्ष 2021-22 के अनुसार कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं में क्रमशः 4थी और 7वीं रैंक प्राप्त की है। स्कूल ने अपनी स्थापना के बाद से राष्ट्रीय रक्षा अकादमी/भारतीय नौसेना अकादमी (एनडीए/आईएनए) में 900 से अधिक कैडेटों को राष्ट्र सेवा में भेजा है। इस गौरवशाली संस्थान के 04 शिक्षकों - स्वर्गीय जेड. सईद (1996 में), श्री ए.के.मजूमदार (2005 में), श्री धनंजय कुमार (2013 में) और श्रीमती कविता प्रकाश (2015 में) को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुरस्कार प्रदान किया गया है। और श्री एम मोहिउद्दीन को उन के समय में अपने विषय रसायन शास्त्र में शोध करने हेतु यूनाइटेड किंगडम की फ़ेलोशिप प्रदान की गई। तत्कालीन माननीय रक्षा मंत्री श्री प्रणब मुखर्जी, बिहार और झारखंड के मुख्यमंत्री, झारखंड के राज्यपाल, झारखंड के जनरल ऑफिसर कमांडिग (जीओसी) झारखण्ड और बिहार सब एरिया और जीओसी दक्षिणी कमान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियो ने विभिनन समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा के इस संस्थान की शोभा बढ़ाई है और अपने



अनुभवों से अगली पीढ़ी की रक्षा पंक्ति को प्रेरित करते रहे हैं और सींचते रहे हैं। हर साल लगभग 150 छात्रों का चयन 20,000 से अधिक उम्मीदवारों में से होता है जो सैनिक स्कूल तिलैया की प्रवेश परीक्षा देते हैं। सैनिक स्कूल तिलैया ने भारत और दुनिया भर में लगभग सभी क्षेत्रों में कई उत्कृष्ट पेशेवर प्रदान किए हैं। हर साल बड़ी संख्या में छात्रों ने आईआईटी-जेईई, एनडीए, प्री-मेडिकल टेस्ट आदि सहित कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं को उत्तीर्ण किया है। 1999 में, एनडीए और एनए प्रवेश परीक्षा में एसएसटी छात्रों ने अखिल भारतीय स्तर पर क्रमशः 15वां और 18वां स्थान हासिल किया। सैनिक स्कूल तिलैया से 1999 में 25 छात्रों ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति (एनटीएसई) हासिल की। यह एक बहुत ही कठिन परीक्षा है जिसमें भारत के हर हिस्से हज़ारों से ज्यादा छात्र 750 छात्रवृत्ति के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। छात्रों ने न केवल तकनीकी धाराओं में बल्कि कला के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बॉलीवुड के जाने माने क्रिएटिव डायरेक्टर और प्रोड्यूसर श्री प्रकाश झा, इस संस्थान के पूर्व छात्र हैं। आज यहां से पढ़े कई छात्र केंद्रीय और राज्य सेवाओं में बहुत वरिष्ठ पदों पर हैं और देश की सेवा कर रहे हैं। (अमित झा एवं सलिल सरोज की किताब ठतिलैयन डायरीठ से उद्धृत अंश) सलिल सरोज कार्यकारी अधिकारी लोक सभा सचिवालय (सलिल सरोज ने 1997 से 2004 तक सैनिक स्कूल तिलैया में पढ़ाई की है।) (अमित झा एवं सलिल सरोज की किताब ठतिलैयन डायरीठ से उद्धृत अंश) सलिल सरोज कार्यकारी अधिकारी लोक सभा सचिवालय सलिल सरोज ने 1997 से 2004 तक सैनिक स्कूल तिलैया में पढ़ाई की है।

# प्रयागराज के मंदर गांव में ढाई बीघे की जमीन पर खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार का पहला पायलट प्रोजेक्ट

## 3000 पशुओं के गोबर से 5.40 टन का प्रतिदिन गैस निकलेगी। इससे 18000 किलोग्राम गोबर में 13500 लीटर पानी मिलाकर बायोगैस तैयार होगी

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश का पहला पायलट प्रोजेक्ट गोबर गैस प्लांट प्रयागराज में जनवरी तक बनकर तैयार हो जाएगा। इससे वैकल्पिक ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। इस दिशा में अभी और प्रयास किए जाने की जरूरत है। यह बात प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने



प्रयागराज के मंदर गांव में बन रहे गोबर गैस प्लांट के निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेश में नए उद्योग तेजी से लगेंगे। पूर्व मंत्री बोले- विभिन्?न योजनाओं को अमली जामा पहनाया जा रहा है : यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि शहर पश्चिमी के ग्राम मंदर और आसपास गांव के लोगों ने शायद ही सोचा होगा कि यहां अपराध की जगह विकास होगा। पिछले 30 वर्षों से अतीक अहमद का डर यहां लोगों में था। हालात को बदलने के लिए प्रदेश सरकार ने अतीक अहमद और उसके रिश्तेदारों से कई बीघे जमीन कब्जा मुक्त कराई। उसके बाद उस जमीन पर उद्योग लगाने की कवायद शुरू हुई। क्षेत्र में कानून का राज लाने में भी मदद मिली। अब माफिया के प्रभाव को समाप्त करते हुए यहां गरीबों के लिए आवास, गांव में गैस प्लांट और युवाओं को खेल सुविधाएं देने की योजना का अमली जामा पहनाया जा रहा है। गोबर गैस प्लांट की क?या है खूबियां : उल्लेखनीय है कि प्रयागराज के मंदर गांव में ढाई बीघे की जमीन पर खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार का पहला पायलट प्रोजेक्ट गोबर गैस प्लांट बन रहा है। 3000 पशुओं के गोबर से 5.40 टन का प्रतिदिन गैस निकलेगी। इससे 18000 किलोग्राम गोबर में 13500 लीटर पानी मिलाकर बायोगैस तैयार की जाएगी। 1260 क्यूबिक मीटर क्षमता का प्लांट बन रहा है। प्रथम चरण में लगभग 300 परिवारों को गैस सप्लाई दी जाएगी। जबकि लक्ष्य 637 परिवारों को प्रतिदिन 5 घंटे गैसे देने का है। 600 किलोवाट का बिजली उत्पादन भी किया जा सकता है। इसके अलावा सिलेंडर गैस भी भरी जा सकती है। बगल में ही 7 बीघे की जमीन पर मिनी स्टेडियम बन रहा है जहां से शहर पश्चिमी के युवा खेल जगत में प्रतिभा दिखाएंगे। सभी कार्यो में तेजी लाने के लिए पूर्व मंत्री ने युवा कल्याण मंत्रालय के अधिकारियों को निर्देशित किया है। लघु उद्योग विभाग के अधिकारियों को फटकार : काम में ढिलाई होने पर लघु उद्योग विभाग के अधिकारियों को पूर्व कैबिनेट मंत्री ने फटकार लगाई। वजह यह कि कार्यस्थल पर हाईटेंशन तार के नीचे मजदूर अपना अस्थायी आवास बनाकर रह रहे थे। उन्होंने कहा अगर खंभों में बिजली उतर गई तो क्या होगा। उनके लिए अलग से अस्थायी आवास बनाकर मजदूरों को रहने की व्यवस्था दें। पशुपालन विभाग के अधिकारी को निर्देश : पशुपालन विभाग के अधिकारी डाक्टर संजीव कुमार सिंह को भी कड़े शब्दों में निर्देश दिया कि शहर पश्चिमी में बन रहे ऊन प्रोसेसिंग उद्योग में भेड़ ऊन के लिए क्या क्या करना होगा, उसे अध्ययन कर भेड़पालकों से संपर्क कर प्रगति में तेजी लाएं। किसी भी अधिकारी का कार्य के प्रति कोई लापरवाही न हो। इससे पहले ग्राम कटहुला में जिला उद्योग द्वारा 14 बीघे की जमीन पर लघु एवं कुटीर उद्योग के लिए प्रस्तावित उद्योग भूमि का निरीक्षण किया गया। एसडीएम सदर को कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी गई। इस दौरान खादी बोर्ड के सदस्य रमा शंकर शुक्ला, एसडीएम सदर शिवदास, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राम औतार यादव, रामलोचन साहू, रामजी शुक्ला, ब्लाक प्रमुख दिलीप प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# बलिया जिले में सर्किल रेट तय होने के बाद 250 किसानों ने दाखिल की आपत्ति मंडलायुक्त को भेजी गई सूची

## मंडलायुक्त को भेजी गई सूची

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बलिया।** जिले में मंडलायुक्त को भेजी गई सदर तहसील के 36 गांवों के काश्तकारों की सूची के बीच ही सर्किल रेट के बाबत 250 किसानों की ओर से आपित्त भी दाखिल की गई है। खतौनी में नाम नहीं होने की ज्यादा शिकायतें होने की वजह से इसे ठीक करने में लेखपाल जुटे हुए हैं। गाजीपुर से बलिया के मांझी घाट तक बनने वाले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से चल रही है।




ग्रामीण क्षेत्र की जमीन का मुआवजा सर्किल रेट से चार गुना और शहरी क्षेत्र में दो गुना दिया जाएगा। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में सर्किल रेट निर्धारण होने के बाद फाइल मंडलायुक्त को भेजी गई है। सदर तहसील के 36 गांवों के काश्तकारों की जमीन का विवरण है। जमीन का गजट होने के बाद सदर तहसील से 250 काश्तकारों ने अपनी आपत्ति दाखिल की है।जिला प्रशासन ने आपत्ति का 50 फीसद निस्तारण भी कर दिया है। इसमें कुछ के नाम जमीन की खतौनी में नहीं दर्ज है, वहीं कुछ के नाम में भिनन्ता है। आपत्ति के आधार पर खसरा और खतौनी को अपडेट किया जाएगा। उसके बाद मुआवजा प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। एक्सप्रेस-वे के लिए सदर और बैरिया तहसील के 98 गांवों की जमीन ली जानी है, इसमें सदर तहसील के 82 और बैरिया तहसील क्षेत्र के 16 गांवों की जमीन आ रही है। निबंधन कार्यालय के अनुसार सदर तहसील में प्रति हेक्टेयर सर्किल रेट 40 लाख से 50 लाख तक है। एक्सप्रेस-वे में जिस-जिस मौजा की जमीन आ रही है, उसमें खरीद-बिक्री पर भी रोक लगाई गई है। बोले अधिकारी ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए जमीन का सर्किल रेट तय कर दिया गया है। उसमें 35 गांवों का सर्किल रेट तय किया गया है। काश्तकारों के अभिलेख को ठीक करने के लिए लेखपालों को लगाया गया है। आपत्ति का निस्तारण करने के बाद मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। - अनिल अगिन्होत्री, मुख्य राजस्व अधिकारी।

# भदोही में पूर्व विधायक विजय मिश्र की 3.35 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

## पुलिस ने जब्त भूमि पर लगायी सूचना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**भदोही।** पूर्व विधायक विजय मिश्र सहित आठ सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिला मजिस्ट्रेट आर्यका अखौरी के आदेश पर हाईवे पर स्थित नवधन गांव में दर्ज भूमि को जब्त कर लिया गया। इस भूमि में पूर्व विधायक के अलावा उनकी पतनी पूर्व एमएलसी रामलली मिश्र, बेटा विष्णु मिश्र और बहू रूपा के नाम दर्ज है। पुलिस की ओर से जब्त की गई




भूमि पर मुनादी कर बोर्ड लगाया गया है। इस दौरान सुरक्षा कारणों से मौके पर काफी सुरक्षा बलों की भी तैनाती की गई थी। जानकारी होने के बाद लोगों की भीड़ भी इस दौरान जमा हो गई। भाजपा सरकार आते ही विजय मिश्रा के अपराधों की एक एक कर परत खुलने लगी तो आनन फानन जिला प्रशासन की ओर से भी उनकी कुंडली निकालने का प्रयास शुरू हो गया। पूर्व में जांच के दौरान विजय मिश्र और परिवार के तमाम लोगों के पास अवैध संपत्ति बरामद हुई। इसके बाद एक एक कर संपत्तियों को जांच परख के बाद कुर्क करने की कार्रवाई शुरू की गई। मगर गुरुवार को कुर्क की गई संपत्ति सर्वाधिक है। इसकी पूरी कीमत तीन करोड़ से भी अधिक आंकी गई है।जिला प्रशासन के अनुसार विजय मिश्र की अवैध तरीके से कमाई गई संपत्ति की जांच के दौरान यह कीमती जमीन की जानकारी भी सामने आई थी। इसके बाद विधिक कार्रवाई करते हुए परिवार व अन्?य आठ लोगों पर गैंगस्?टर की कार्रवाई करते हुए इस अवैध तरीके से कमाई गई भूमि को कुर्क कर लिया गया। अवैध तरीके से कमाई गई संपत्ति के क्रम में इस भूमि में पूर्व विधायक विजय मिश्र के अलावा उनकी पतनी व पूर्व एमएलसी रामलली मिश्र, बेटा विष्णु मिश्र और बहू रूपा के नाम भी दर्ज हैं। लिहाजा जिला प्रशासन की ओर से कार्रवाई करते हुए तीन करोड़ से अधिक की कीमत वाली इस भूमि को गुरुवार को कुर्क कर लिया गया। भदोही जिले के चर्चित पूर्व विधायक की अवैध संपत्ति पर जिला प्रशासन की नजरें टेढ़ी है। पूर्व विधायक की अवैध संपत्तियों को देखते हुए शासन की ओर से भी कार्रवाई की निगरानी की जा रही है।

# डाफी के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार मजदूर की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** शहर की जर्जर सड़क ने गुरुवार की सुबह एक और व?यक्ति की जान ले ली।नेशनल हाइवे स्थित विश्वसुंदरी पुल और डाफी में बन रहे नए टोलप्लाजा के बीच सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।



दुर्घटना की सूचना पर पहुंचे सोमा के कर्मचारियों ने पुलिस की मदद से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही परिजनों को भी सूचना दे दी है। मूलरूप से जमालपुर मीरजापुर के रहने वाले सोनू खान (35) शुक्रवार की सुबह घर से चितईपुर मजदूरी करने बाइक से जा रहे थे। विश्वसुंदरी पुल के अगर बढ़ने पर अचानक जर्जर सड़क के कारण बाइक अनियंत्रित होने लगी। इसी बीच पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और पहिए के नीचे सिर आ गया। सिर कुचलने के कारण युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। डाफी टोल प्लाजा पर तैनात पेट्रोलिंग कर्मी तत्काल एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे जहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना में मृत युवक कुछ महीने पहले डाफी स्थित ईंट मंडी में मजदूरी का काम करता था लेकिन इस समय चितईपुर में काम कर रहा था। चौकी प्रभारी रमना अमित राय ने बताया कि घरवालों को सूचना दे दी है। जर्जर सड़क ने ली एक और जान : विश्वसुंदरी पुल से लेकर डाफी टोल प्लाजा तक की सड़क एम इतनी ज्यादा जर्जर और गड्ढे हो गए हैं कि इस पर से गुजरना मौत को दावत देना है।सड़क के बीच में नाली की तरह बन गया हैं जिसमे लहराकर बाइक सवार गिर जाते हैं। इसके अलावा मोहनसराय से लेकर रामनगर तक की सड़क जर्जर और जगह जगह गड्ढे हो गए हैं। जहां अक्सर दुर्घटना होती रहती हैं। एक सप्ताह पहले लठियां चौराहे के पास जर्जर सड़क ने दांत निकलवाकर घर जा रही महिला की जान ले ली थी।

# गोरखपुर मे नशे के खिलाफ लिया गया बड़ा एक्शन

## गोरखपुर रेंज में सप्ताह भर में पकड़ा 1.21 करोड़ का मादक पदार्थ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गोरखपुर।** शासन के निर्देश पर एक सप्ताह तक चले अभियान में रेंज की पुलिस ने अभियान चलाकर एक सप्ताह में 1.21 करोड़ का मादक पदार्थ पकड़ा। तस्करी करने वाले 39 आरोपितों की 8.20 करोड़ की सम्पत्ति गैंगस्टर एक्ट में जब्त कराया। अभियान के दौरान गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर व महराजगंज चारों जिलों में 429 मुकदमा दर्ज कर 454 लोगों पर पुलिस ने कार्रवाई की।डीआइजी रेंज जे. रविन्दर गौड ने बताया कि मादक पदार्थ की खरीद, बिक्री, तस्करी करने वालों पर कार्रवाई के लिए 24 से 31 अगस्त तक एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्मैक, गांजा, कच्ची व हुक्का बार पर विशेष ध्यान था।थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए थे कि अभियान के बाद अगर क्षेत्र में मादक पदार्थ की तस्करी व बिकने की शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गोरखपुर जिले की पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने और बेचने वाले नौ आरोपितों की हिस्ट्रीशीट खोली है। जबकि पांच हुक्काबार सील करते हुए 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज जिले की पुलिस ने 15 दिन का विशेष अभियान चलाकर दुष्कर्म व छेड़खानी के 142 आरोपितों को गिरफ्तार किया। वहीं हत्या, लूट, डकैती और हत्या के प्रयास में शामिल रहे 102 बदमाशों को भी गिरफ्तार किया है।

गोरखपुर रेंज की पुलिस ने एक सप्ताह का अभियान चलाकर मादक पदार्थों का तस्करी करने वालों पर सिकंजा कसा है। इस दौरान गैंगस्टर एक्ट में 8.20 करोड़ की सम्पत्ति जब्त कराई गई है। साथ ही 1.21 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त किया गया है।



# यहां अब जनता भी करा रही यातायात नियमों को तोड़ने वालों का चालान

## एक माह में 35 हजार वाहन पकड़े गए

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गोरखपुर।** गोरखनाथ थाना क्षेत्र में महेश नाम का एक युवक बुलेट स्टंट कर रहा था। बुलेट के कटे सायलेंसर से वह रोड पर फायर शाट मार रहा था। उसकी बाइक पर एक युवती समेत तीन लोग सवार थे। सड़क पर आते-जाते लोगों को उनकी हरकतें अच्छी नहीं लग रही थीं। डर यह था कि उनकी चपेट में आकर दूसरे लोग भी



दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं। सड़क पर गुजर रहे रितेश नाम के एक युवक ने भी इसे देखा। उसने मोबाइल से बुलेट से स्टंट कर रहे महेश की फोटो बनाई और उसे ट्विट करके ट्रैफिक पुलिस के साथ टैग कर दिया। पुलिस ने इसकी जांच करके वाहन चालक का 16 हजार 500 रुपये का चालान कर दिया। बाद में युवक मुहल्ले में जाकर लोगों को खूब खरी खोटी सुनाई। उसे लगा यह हरकत मुहल्ले के ही किसी व्यक्ति ने की है, लेकिन जब बाद में उसे पता चला कि यह काम सड़क पर चलने वाले एक राहगीर ने की है तो वह शांत हुआ। जनता के इस जागरूकता का शिकार सिर्फ महेश ही नहीं, बल्कि सड़क पर यातायात नियम तोड़ने वाले तमाम लोग हो रहे हैं। इसमें पुलिस कर्मी भी शामिल हैं। कुछ लोगों ने तो बिना हेलमेट व बिना शीटबेल्ट के चलने वाले पुलिस कर्मियों का भी चालान कराया है।

# वज्रपात से पति पत्नी और बेटे की मौत धान के खेत में निराई के दौरान हुआ हादसा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गाजीपुर।** मानसून की विदायी की बेला में गुरुवार को हुई बरसात एक परिवार के लिए आफत लेकर आई। दोपहर में पिता-मां व पुत्र धान की



खेत में निराई कर रहे थे। इस दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार माता-पिता के साथ खेती में बेटा हाथ बंटाता था। वहीं हादसे की जानकारी होने के बाद तहसील प्रशासन ने दैवी आपदा कोष से मदद का भरोसा दिया है। जखनियां क्षेत्र के सोफीपुर में धान की खेत की निराई कर रहे दंपति व जवान बेटे की आकाशीय बिजली से मौत हो गई। तहसील प्रशासन ने दैवी आपदा राहत कोष से मदद का भरोसा दिलाया है। गांव निवासी हीराराम ने घर से थोड़ी दूर दामोदरपुर गांव के ईनामी पुरवा में धान की खेती कर रखी थी। गुरुवार को वह पतनी फूलमती व बेटे रमेश राम के साथ खेत में निराई कर थे। इस दौरान बादलों की कड़कड़ाहट के साथ उनके खेत में आकाशीय बिजली गिरी। जिसकी चपेट में आने से हीरा राम, उनकी पतनी फूलमती देवी व जवान बेटा रमेश राम की मौके पर मौत हो गई। पड़ोसी तीनों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखनियां पहुंचे, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।


# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

**प्रस्तुत विभन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।**

1. **प्रमाण पत्रः** सफल**प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः **15 सितंबर 2022**
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपलबध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**

सम्पर्क सूत्रः– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

# सोनभद्र मानव सेवा आश्रम ट्रस्ट के द्वारा बच्चों में फल का हुआ वितरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र ।** जनपद सोनभद्र के करमा ब्लाक अंतर्गत ग्राम सभा सुकृत में स्थित सोनभद्र मानव सेवा आश्रम ट्रस्ट के कार्यालय पर बच्चों में भगाइए। अंत में ट्रस्ट के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम विश्वकर्मा ने कहा कि हमारे ट्रस्ट के माध्यम से गरीब व असहाय लोगों की सेवा पिछले 4 वर्षों से की जा रही है




फल (केले) का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माता प्रसाद तिवारी रहे। केले पाकर बच्चे बहुत खुश हुए। अतिथि महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को नियमित रूप से फलों का सेवन करना चाहिए। इसके सेवन से हमारा शरीर स्वस्थ व निरोग है। चाहे कोई भी मौसम हो, मौसमी फल अवश्य खाना चाहिए। पुरानी कहावत है कि- एक केला रोज खाइये, डाक्टर को दूर तथा आगे भी होती रहेगी। इसकी स्थापना 29 अगस्त 2018 को हुआ है। ट्रस्ट आयकर विभाग के सेक्शन 80 3 के तहत छूट प्राप्त ट्रस्ट है। इस वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अलावा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम विश्वकर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, जिला सचिव सोनभद्र डाक्टर दिनेश कुमार, सदस्य पंकज कुमार, सरवरे अख्तर तथा बच्चे मौजूद रहे।

# गणेश जी की प्रथम पूजा व धूमधाम से कराया गया संपन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र ।** शक्ति नगर सोनभद्र अंतर्गत बलिया नाला में 25 वर्षों से चला आ रहा गणेश जी की पूजा मनाया जा रहा है गणेश आरती पूजा की गई उसमें पवन सोनी, बबीता सोनी,लव सोनी कुछ सोनी, प्रेमी देवी, निधि कुमारी, कर्मवीर शर्मा, सौरव शर्मा, रितेश शर्मा, रामकुमार



उत्सव जिसमें मुख्य रुप से जजमान शिवकुमार सविता धर्म पत्नी रीता देवी, कार्य संयोजक अजीत तिवारी स पत्नी के साथ कल गणेश जी की पट खोल कर प्रथम पूजा आयोजित की गई जिसमें ढोल नगाड़े बचते रहे बाबा की जय जय कार हो तेरही सिंह, कुमकुम सिंह, रघुराज प्रताप सिंह, जानवी सिंह पम्मी कुमारी, निम्मी कुमारी,बलिया नाला, अंबेडकर नगर, एनटीपीसी कॉलोनी, एनसीएल कॉलोनी, शिवाजी नगर, भवानी नगर के सभी श्रद्धालु सम्मिलित रहे पूजा आरती में सम्मिलित रहे।

# सोनभद्र में पागल सियार के हमले से नौ लोग घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र ।** घोरावल क्षेत्र के बर कन्हरा गांव में शुक्रवार की सुबह पांच बजे एक पागल सियार ने नौ लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में सभी घायल हो गए। इससे अफरातफरी मच गई। जान बचाने से घायल हो गए। सूरज कुमार मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। मॉर्निंग वॉक के दौरान थक कर सड़क पर बैठकर आराम कर रहे थे कि अचानक पीछे से सियार ने हमला किया। घुटने के पास जख्मी हुए। सुघरावती गोबर फेंक रही थी। उसी



के लिए लोग इधर उधर भागने लगे। सियार के जंगल में जाने पर लोगों ने राहत की सांस ली। सुबह के वक्त सभी अपने घरेलू कार्यों में व्यस्त थे, उसी दौरान खेत से आए एक पागल सियार ने बारी बारी से नौ लोगों को निशाना बनाया। घायल लोगों के परिजनों के बीच सियास के हमले को लेकर दहशत बनी हुई है। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को आठ बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। नंद कुमार निवासी बर कन्हरा अपना काम कर रहे थे, उसी दौरान साइड से आए सियार ने हाथ में कई जगह काट कर जख्मी कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप समय सियार ने पैर और जांघ में बुरी तरह काट कर जख्मी कर दिया। निर्मला बर्तन साफ कर रही थी, घर में घुस कर काट लिया। उनको पैर में कई जगह काटा। तेतरी पत्नी गोपाली के हाथ की अंगुली व पैर में काटा। गुलशन सब्बन घर के बाहर चारपाई पर सोई रही थी। पैर मे कई जगह काटा लिया। अमरावती देवी पत्नी हनुमान को बर्तन साफ करने के दौरान हाथ व कमर में काट लिया। देवनारायण गाय दुह रहे थे। पैर में काट लिया। रानी पुत्री अरविंद नित्यक्रिया के लिए जा रही थी। उसी समय उसके पेट व हांथ को जख्मी कर दिया। सभी का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

# कोयला उत्पादन में 23 फीसदी की बढ़त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र ।** एनसीएल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के अप्रैल से लेकर अगस्त महीने तक दिए गए लक्ष्यों से बढ़कर शानदार प्रदर्शन किया है। कोयला उत्पादन में 22.7 प्रतिशत और कोयला प्रेषण (डिस्पैच) में 18.9 फीसदी की भारी बढ़ोतरी दर्ज की है। 2022-23 के मुकाबले 18.9 प्रतिशत अधिक है। बीते साल 2021-22 में 31 अगस्त तक एनसीएल ने अपने ग्राहकों को 47.61 मिलियन टन कोयला प्रेषण किया था। कोयला प्रेषण के लिए हरित माध्यमों का उपयोग करते हुए एनसीएल ने चालू वित्तीय वर्ष में औसतन प्रतिदिन 96 रेल रैक के माध्यम से प्रेषित किए हैं।



अगस्त माह तक कंपनी ने मानसून के बावजूद 53.83 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 22.7 प्रतिशत अधिक है। कोयला उत्पादन की तरह कोयला प्रेषण में भी वित्तीय वर्ष 2022-23 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। एनसीएल ने अप्रैल 2022 से अगस्त 2022 तक अपने ग्राहकों को 56.63 मिलियन टन कोयला प्रेषित किया है जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि के बिजली घरों को भरपूर कोयला आपूर्ति एनसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में अहम भागीदारी निभाती है और अपना अधिकतम कोयला बिजली घरों को प्रेषित करती है। एनसीएल ने चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में अगस्त तक बिजली घरों को निर्धारित लक्ष्य से अधिक 51.57 मिलियन टन कोयला प्रेषित किया है जो कंपनी के कुल कोयला प्रेषण का 91 फीसदी से अधिक है।

# मुन्ना, विनीत और वंदना ने जीती कुश्ती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र ।** जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का बृहस्पतिवार को समापन हुआ। दूसरे दिन कुश्ती और भारोत्तोलन के मुकाबले हुए। महिला और पुरुष खिलाडियों ने प्रतिभा का दमखम दिखाया। विजेताओं को जिला युवा कल्याण अधिकारी शशिभूषण शर्मा और जिला खेल अधिकारी डीपी सिंह ने पुरस्कृत किया भारोत्तोलन पुरूष वर्ग 55 किग्रा भारवर्ग में सदर ब्लाक के दीपू सिंह ने पहला व विकास खंड चतरा के संदीप पाल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 61 किग्रा भारवर्ग में सदर के ही सुंदरम ने पहला व चतरा के विकास कुमार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 67 किग्रा भारवर्ग में सदर ब्लॉक के शुभम गुप्ता ने प्रथम व अजय दूसरे स्थान पर रहे। 73 किग्रा में सदर के महताब बाबू प्रथम व विवेक दुबे दूसरे स्थान पर रहे। कुश्ती पुरूष के 53 किग्रा भारवर्ग में सदर ब्लाक के मुननलाल ने पहला व चतरा के दिलीप पाल दूसरे स्थान पर रहे।

# परिवार की आर्थिक सुरक्षा के लिए कराएं बीमा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र ।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का स्थापना दिवस बृहस्पतिवार को शाखा राबर्ट्सगंज परिसर में कर्मचारियों अजीत यादव और विकास अधिकारी शिवचरण यादव ने कहा कि निगम के लगभग 12 लाख अभिकर्ताओं के कारण ही आज निगम से करोड़ों बीमा धारकों को



ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा प्रबंधक माता प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि लोगों को आर्थिक सुरक्षा देने के लिए भारत सरकार ने एक सितंबर 1956 को 245 निजी बीमा कंपनियों का समायोजन करते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना की थी। आज निगम 30 करोड़ बीमा धारकों को आर्थिक सुरक्षा दे रही है। निगम में लगभग सवा लाख कर्मचारी कार्यरत हैं। लोगों को अपनी और अपने परिवार की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीमा अवश्य कराना चाहिए। सहायक शाखा प्रबंधक आर्थिक सुरक्षा मिल रही है। पूर्वांचल अभिकर्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरीश पांडेय ने आईपीओ लांच करने के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

इस मौके पर एओ राम लखन, गिरिजा शंकर, प्रमोद पटेल, रतन्श जायसवाल, प्रेमनाथ त्रिपाठी, राधेश्याम सिंह, बृजबिहारी, जितेंद्र प्रसाद सिंह, दया शंकर, परमानंद सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सुरेश चतुर्वेदी, वीरेंद्र कुमार, हिमांशु त्रिपाठी, सत्यम मिश्रा, अतुल पाठक, प्रवीण कुमार, पूजा कुमारी, श्रवण कुमार, अभिषेक शर्मा, हजारी, केएन पांडेय, जयप्रकाश, राम सूरत आदि रहे।

# कोयला खदानों में तेल आपूर्ति के नाम पर बड़ा घोटाला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र ।** एनसीएल की तेल आपूर्ति में बड़ा गड़बड़झाला उजागर हुआ है। लंबे समय से ट्रांसपोर्टरों के जरिए कोयला खदानों में तेल के लिए निकला था। टैंकर दुद्धीचुआ खदान न जाकर मध्य प्रदेश के निगाही स्थित एक पेट्रोल पंप पर पहुंच गया। वहां करीब 17 हजार लीटर डीजल बेच दिया गया डीजल में सवार कुल छह लोगों को हिरासत में लेकर शक्तिनगर थाना पर लाकर पूछताछ की गई। इसमें डीजल कारोबारी के साथ टीएफएम मालिक के पांच कर्मी



का खेल खेला जा रहा था। हजारों लीटर डीजल चोरी का खुलासा करते हुए एसटीएफ ने शुक्रवार को शक्तिनगर से छह लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से आठ लाख रुपये भी बरामद हुए हैं। पकड़े गए एक आरोपी की तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य आरोपियों से एसटीएफ पूछताछ में जुटी है। टीएफएम के तहत होने वाली आपूर्ति को ट्रांसपोर्टर पेट्रोल पंपों पर बेच रहे थे। एसटीएफ की वाराणसी फिल्ड यूनिट के प्रभारी निरीक्षक पुनीत परिहार ने बताया कि पिछले दिनों चंदौली के अलीनगर स्थित इंडियन ऑयल डिपो से एक टैंकर 29 हजार लीटर डीजल लेकर दुद्धीचुआ परियोजना बेचकर वापस आ रहे टैंकर को दुद्धीचुआ गेट पर घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। जांच व तलाशी में टैंकर में मौजूद 12 हजार लीटर साहित डीजल बिक्री के आठ लाख रुपये बरामद हुए। एसटीएफ निरीक्षक ने बताया कि डीजल टैंकर को लोकेशन दे रहे आगे चल रही कार में सवार कुल छह लोगों को हिरासत में लेकर शक्तिनगर थाना पर लाकर पूछताछ की गई। डीजल बेचकर वापस आ रहे टैंकर को दुद्धीचुआ गेट पर घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। जांच व तलाशी में टैंकर में मौजूद 12 हजार लीटर साहित डीजल बिक्री के आठ लाख रुपये बरामद हुए। एसटीएफ निरीक्षक ने बताया कि डीजल टैंकर को लोकेशन दे रहे आगे चल रही कार मौजूद हैं। बताया कि एनसीएल में टीएफएम (टोटल फ्यूल मैनेजमेंट) का कार्य अनपरा निवासी एक व्यक्ति के नाम पर है, जो यूपी और एमपी में स्थित एनसीएल परियोजनाओं में डीजल आपूर्ति करता है। टीम फर्म मालिक को भी पकड़कर थाने लाई, लेकिन कुछ देर बाद ही तबीयत खराब होने से उन्हें अस्पताल भिजवा दिया। एसटीएफ निरीक्षक ने बताया कि 12 हजार लीटर डीजल से भरा टैंकर सहित दो कार को थाने में दाखिल किया है। छह लोगों व टीएफएम मलिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# सोनभद्र पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिले के लिए मांगा तड़ित चालक यंत्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को सोनभद्र पहुंचे और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उन्?होंने संगठन स्?तर पर चल रहे प्रयासों की जानकारी ली। इस दौरान सर्किट हाउस में पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बैठक कर कहा कि संगठन सरकार से बड़ा है और इसे आगे भी सुदृढ करने की जरूरत है। इस दौरान डिप्टी सीएम ने कार्यकर्ताओं की समस्याएं गौर से सुनीं और उनके समस्?याओं के निस्?तारण के लिए वरिष्?ठों को भी सहेजा। उन्?होंने किया। दोपहर में उन्?होंने कलेक्ट्रेट में जनपद के उद्यमियों के साथ बैठक भी किया। इसके बाद वह जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ भी विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। वहीं दोपहर बाद लोढ़ी स्थित प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, आश्रम पद्धति विद्यालय व अमृत सरोवर का निरीक्षण करेंगे। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अफसरों को चेताया, कहा- 'कार्यकर्ताओं की इज्जत ही मेरी इज्जत'सोनभद्र में विकास कार्यों की हकीकत जानने के लिए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई गलत कार्य में लिप्त है तो उस पर सख्ती भी की जाय। पुलिस सिर्फ साधु बनकर हवन करती रहेगी, तब भी काम नहीं चलेगा।विकास कार्यों की समीक्षा करने सोनभद्र पहुंचे डिप्टी सीएम ने सर्किट हाउस में पार्टी के पदाधिकारियों, ब्लाक प्रमुखों और जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से वार्ता की। उन्होंने सभी को जिले के संदर्भ में अपनी शिकायतें लिखित रूप से प्रस्तुत करने को कहा। डिप्टी सीएम ने कहा कि कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वह गरीब कल्याण की



इस दौरान लोगों ने जिले की मूलभूत समस्याएं तडि़त चालक यंत्र लगाना, जिले को सूखाग्रस्त घोषित करना, कार्यकर्ताओं का शोषण किया जाना आदि विषय को रखा। उन्होंने उन्हें इसके निस्तारण पर जोर दिया। वहीं इस आयोजन के साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति द्वार का शिलान्यास करने पहुंचे केशव मौर्य ने पंडित जी के जीवन पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी भी कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे। सोनभद्र में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को जनपद में मौजूद रहे। इस दौरान डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर सभी तैयारी पूर्व में ही पूरी कर ली गई थीं। वहीं चुर्क स्थित पुलिस लाइन हेलीपैड पर सुबह साढ़े 11 बजे उनका विमान पहुंचा। इसके बाद वह सीधे लोढ़ी स्थित सर्किट हाउस गए। वहीं दूसरी ओर भाजपा जिला कार्यालय जाने वाले मार्ग पर बने पं. दीनदयाल उपाध्याय तोरण द्वार का लोकार्पण भी किया। इसके बाद वह पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने पहुंचे। इस दौरान राबर्ट्सगंज स्थित गो- आश्रय स्थल व जिला अस्पताल का निरीक्षण भी मौर्य गुरुवार को जिले में पहुंचे। डिप्टी सीएम ने यहां पं. दीनदयाल स्मृति द्वार का लोकार्पण किया साथ ही संगठन और सरकार के कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को सुबह करीब ग्यारह बजे सोनभद्र पहुंचे। पुलिस लाइंस स्थित हेलीपैड पर उतरने के बाद वह सीधे सर्किट हाउस गए। यहां कुछ देर विश्राम कर वह पुसौली स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे। हाईवे से कार्यालय की ओर जाने वाले मार्ग पर बने पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति द्वार का लोकार्पण किया। इस दौरान पुलिस-प्रशासन और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। विकास कार्यों की समीक्षा के बाद डिप्टी सीएम ने स्कूल, अस्पताल, और गो आश्रय स्थल का निरीक्षण भी किया। जनता की समस्याएं भी सुनी और समाधन बताया। मेरे कार्यकर्ताओं का सम्मान ही मेरा सम्मान' डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अफसरों को कार्यकर्ताओं के साथ सलीके से पेश आने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकर्ताओं का सम्मान ही मेरा सम्मान है। उनके साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं होगा। योजनाओं पर निगरानी रखें। कहीं भी गलत हो रहा हो तो तुरंत सूचित करें। अपनी शिकायत वह लिखित रूप में दें।आपकी शिकायत का समुचित समाधान किया जाएगा। अगर आप उससे संतुष्ट नहीं होंगे तो फिर संबंधित से पूछताछ भी की जाएगी। बशर्ते शिकायत लिखित रूप में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस के आला अफसर तो अच्छा काम कर रहे हैं, लेकिन कई बार निचले स्तर पर कमियों से दिक्कत आती है। इस बारे में कार्यकर्ता बताएं। बैठक के बाद वह पुसौली स्थित जिला कार्यालय पहुंचे। डिप्टी सीएम पूरे दिन जिले में रहेंगे। वह संगठन और सरकार के कार्यों की समीक्षा के साथ स्कूल, अस्पताल, गो आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। लोढ़ी ग्राम पंचायत में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के निरीक्षण के बाद गांव में चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं भी सुनी। उनका रात्रि विश्राम भी प्रस्तावित है। इसे लेकर कई दिनों से जिला प्रशासन और संगठन के लोग तैयारियों में जुटे हुए थे।

# रेलिंग विहीन पुल से नीचे गिरी बांस लदी ट्रैक्टर ट्राली, मजदूर की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुअरिया पुनर्वास में बृहस्पतिवार को बांसी लदी ट्रैक्टर ट्राली पुल पर अनियंत्रित होकर ठेमा नदी में गिर गई। हादसे में ट्राली पर सवार मजदूर की मौत हो गई। चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसे दुद्धी सीएचसी में भर्ती कराया गया है। गुलाल झरिया गांव निवासी महेश यादव (30) अपने ट्रैक्टर ट्राली पर बांस लादकर महुरिया पुनर्वास की ओर जा रहे था। ट्राली पर पुनर्वास निवासी मजदूर अंजली भारती (45) सवार था। ठेमा नदी पर निर्मित रेलिंग विहीन पुल पर ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई। हादसे में ट्रैक्टर चला रहे महेश और मजदूर अंजली दोनों घायल हो गए। घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत कर दोनों को बाहर निकाला। आनन-फानन उन्हें दुद्धी सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने अंजली भारती को मृत घोषित कर दिया। वहीं महेश यादव की हालत गंभीर बनी हुई है।




# दूसरे दलों से आने वालों को मिलता है सम्मान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र ।** सर्किट हाउस और फिर पार्टी कार्यालय में डिप्टी सीएम से मुलाकात के दौरान कार्यकर्ताओं का दर्द खुलकर सामने आया। कइयों ने डिप्टी सीएम से अपनी पीड़ा बताते हुए अफसरों और पार्टी नेताओं पर इसीलिए वह पहले कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं, ताकि अधिकारी उन्हें गुमराह न कर सकें। दुद्धी मंडल के महामंत्री प्रेम नारायण सिंह ने कहा कि उन्हें और दूसरे महामंत्री मनीष जायसवाल के साथ चार लोगों के खिलाफ फर्जी एससी-एसटी का



सुनवाई न करने का आरोप लगाया। एक मंडल पदाधिकारी का कहना था कि दूसरे दल से आए लोग जनप्रतिनिधियों के खास बन जाते हैं। अधिकारी उनका काम भी कर देते हैं, लेकिन पार्टी के मूल कार्यकर्ताओं की न नेता सुनते हैं और न अफसर। डिप्टी सीएम ने उन्हें आश्वस्त किया। कहा कि मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना के दौरान गवाहों का जो बयान लिया गया था, उसे बदल दिया गया। अनिल द्विवेदी ने जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने और अवैध खनन में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। यादवेंद्र द्विवेदी ने बिजली तडित यंत्र लगवाने की मांग की।

# कहानी सुनाओ प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर सम्मानित हुई पूजा और जेबा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र ।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ की ओर से आयोजित पंचम राज्य स्तरीय कहानी सुनाओ प्रतियोगिता 'खेल बने हमारी पहचान' में पूजा पांडेय और जेबा अफरोज सम्मानित हुई हैं। उन्हें मंगलवार को लखनऊ में एससीईआरटी के निदेशक सर्वेंद्र विक्रम ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। करमा ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय टिकुरिया में तैनात पूजा पांडेय ने उच्च प्राथमिक स्तर के लिए जिमनस्टिक क्वीन दीपा करमाकर की कहानी सुनाई थी। वहीं चोपन ब्लाक के मालोघाट में तैनात जेबा अफरोज ने प्राथमिक स्तर के लिए हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की कहानी सुनाई थी। दोनों का चयन राज्य स्तर पर हुआ था। प्रशस्ति पत्र वितरण के दौरान एससीईआरटी के संयुक्त निदेशक अजय सिंह मौजूद रहे।

# चोट की वजह से रविंद्र जडेजा हुए बाहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा एशिया कप से बाहर हो चुके हैं। एशिया कप के दोनों मैचों में रविंद्र जडेजा जबरदस्त फॉर्म में दिख रहे थे। खबर सामने आने के बाद भारतीय क्रिकेट प्रशंसक को एक जोरदाक झटका लगा है। सोशल मीडिया पर रविंद्र जडेजा की चोट की खबर आग की तरह फैल गई। रविंद्र जडेजा की जगह अक्षर पटेल को



ऑलराउंडर जडेजा घुटने में लगी चोट की वजह से बाहर हुए हैं बीसीसीआइ ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को उनको चोट लगी थी जिसकी वजह से वो चोटिल हो गए। वो बचे हुए मुकाबलों में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। यह टीम में शामिल किया गया है। अक्षर पटेल स्टैंडबाई खिलाडियों में शामिल थे। वह जडेजा की तरह ही बाएं हाथ से बल्लेबाजी करने के साथ ही बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज भी हैं। बता दें कि वेस्टइंडीज दौरे पर अक्षर ने शानदार प्रदर्शन किया था।

# नीरज चोपड़ा का भाला बीसीसीआई ने ई-नीलामी में इतने करोड़ देकर खरीदा था, अब हुआ खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** नीरज कुमार ने टोक्यो ओलिंपिक में पहली बार भाला फेंक प्रतियोगिता में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की थी। अब भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने शुक्रवार को पीटीआइ से बात करते हुए कहा कि जब पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्मृति चिन्हों की ई-नीलामी हुई थी तब बीसीसीआइ ने ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा की भाला के लिए 1.5 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी और उसे खरीदा था। आपको बता दें कि नीरज चोपड़ा ने अपना एक भाला पीएम मोदी को भेंट किया था जब प्रधानमंत्री ने टोक्यो खेलों के बाद भारतीय एथलीटों की मेजबानी की थी और उनसे मुलाकात की थी। 2021 में आयोजित इस ई-नीलामी में नीरज कुमार का भाला कई वस्तुओं का हिस्सा था जिन्हें ई-नीलामी के दौरान पेश किया गया था और जिसकी आय 'नमामि गंगे कार्यक्रम' में चली गई। 2014 में शुरू किया गया 'नमामि गंगे कार्यक्रम' गंगा नदी को साफ और




संरक्षित करने के प्रयासों को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करता है। यह नीलामी 2021 में सितंबर से अक्टूबर के बीच हुई थी। बीसीसीआइ के एक अधिकारी ने पीटीआइ से बात करते हुए कहा कि बीसीसीआइ ने नीरज चोपड़ा के भाले के लिए विजयी बोली लगाई थी, लेकिन हमने कुछ अन्य संग्रहणीय वस्तुओं के लिए भी बोली लगाई थी। यह (नमामि गंगे) एक नेक काम है और बीसीसीआइ के पदाधिकारियों ने महसूस किया कि देश के प्रमुख खेल निकायों में से एक के रूप में राष्ट्र के प्रति यह हमारा कर्तव्य था और इस बेहद महत्वपूर्ण योजना में हम कुछ सहयोग दे सके ये हमारा सौभाग्य है। एक संगठन के रूप में हमें गर्व है कि भारत के महानतम एथलीटों में से एक नीरज चोपड़ा का भाला हमारे पास है। आपको बता दें कि बीसीसीआइ ने कोविड-19 महामारी की पहली लहर के दौरान पीएम केयर फंड में 51 करोड़ रुपये का योगदान दिया था। वहीं नीरज चोपड़ा के भाला के आलावा बीसीसीआइ ने एक करोड़ रुपये में भारतीय पैरालंपिक दल द्वारा ऑटोग्राफ किया गया एक अंगवस्त्र भी खरीदा था। बीसीसीआइ ने नीरज चोपड़ा को टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीतने के बाद एक करोड़ रुपये ईनाम के रूप में भी दिया था।

# एशिया कप में बांग्लादेश पर श्रीलंका की जीत के बाद पूर्व कप्तान ने डाला 'आग में घी'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** क्रिकेट के मैदान पर जैसे भारत और पाकिस्तान की टीमें के मुकाबले होते हैं पिछले कुछ दिनों में वैसे ही हालात अब श्रीलंका और बांग्लादेश के मुकाबलों के हो गए हैं। एशिया कप में दोनों टीमों के बीच होने वाले मुकाबले से पहले काफी बयानबाजी हुई। दोनों ही टीम के पूर्व क्रिकेटरों ने अपनी अपनी टीम को बेहतर बताया और विरोधी पर जमकर निशाना साधा। यहां टूर्नामेंट में आखिरी बाजी श्रीलंका के हक में रही और अब टीम के पूर्व कप्तान बांग्लादेश की टीम को ताना मारने का मौका नहीं छोड़ा। एशिया कप में गुरुवार को सुपर फोर में पहुंचने की जंग में श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें आमने सामने थी। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 183 रन का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में बेहद रोमांचक ढंग के श्रीलंका ने 8 विकेट गंवाकर 19.2 ओवर में जीत का लक्ष्य



हासिल किया। इस शानदार जीत के बाद मेजबान जहां सुपर 4 में पहुंचे तो वहीं बांग्लादेश टूर्नामेंट से बाहर हो गई। जीत के बाद श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने ट्वीट करते हुए लिखा, बहुत ही कमाल दोस्तों, दबाव में इस तरह की जबरदस्त वापसी करते हुए जीत हासिल करना कमाल है। मुझे लगता है अब यह कहना बिल्कुल सुरक्षित होगा कि वर्ल्ड क्लास परफॉर्मेंस रहा। दरअसल श्रीलंका के कप्तान दसुन शनका ने मैच से पहले कहा था कि बांग्लादेश के पास शाकिब अल हसन और मुस्तफिजुर रहमान के अलावा कोई वर्ल्ड क्लास गेंदबाज नहीं है। इस पर जवाब में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के डायरेक्टर खालिद महमूद ने कहा श्रीलंका के पास तो एक भी वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी नहीं है।

# सिंगापुर में जन्में डेविड को मिली ऑस्ट्रेलिया की टी 20 विश्व कप टीम में जग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सिंगापुर में जन्में आक्रामक बल्लेबाज टिम डेविड को ऑस्ट्रेलिया की टी-20 विश्व कप की टीम में शामिल किया गया है जबकि सीनियर सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को भारत दौरे से विश्राम दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को टी-20 विर्श्वकप और शुरू में 8.25 करोड़ रुपए में खरीदा था। ऑस्ट्रेलियाई चयनसमिति के अध्यक्ष जार्ज बेली ने बयान में कहा, 'टिम डेविड ने विर्श्वभर की लीग में अच्छा प्रदर्शन करके अपने लिए विशेष स्थान बनाया है और इस कारण उन्हें टीम में जगह दी गई है।' आरोन फिंच की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम इस महीने के



भारत दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन किया।लंबे शाट मारने के लिए मशहूर 26 वर्षीय डेविड ने 2019 और 2020 में सिंगापुर की तरफ से 14 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जिनमें उनका औसत 46.5 रहा। आइसीसी के नियमों के अनुसार वह तुरंत प्रभाव से ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेल सकते हैं। डेविड ने क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में अपने लिए विशेष जगह बनाई है। वह विश्व भर की टी-20 लीग में खेलते हैं। डेविड के माता-पिता ऑस्ट्रेलियाई हैं लेकिन उनका जन्म सिंगापुर में हुआ था। जब वह दो वर्ष के थे तब उनके माता-पिता पर्थ में बस गए थे।इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस ने डेविड को इस साल के आखिर में भारत का दौरा करेगी जिसमें वह 20 सितंबर से तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को भारत दौरे से विश्राम दिया गया है। भारत दौरे के लिए चुनी गई टीम में उनकी जगह कैमरन ग्रीन को रखा गया है। पिछले साल विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम में केवल एक बदलाव किया गया है तथा मिशेल स्वेपसन की जगह डेविड को टीम में लिया गया है।आरोन फिंच (कप्तान), पैट कमिंस (उप-कप्तान), एश्टन एगर, टिम डेविड, जोश हेजलवुड, जोश इंगलिस, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड , डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा।

# पाकिस्तान हो सकता है एशिया कप से बाहर, कहीं हो ना जाए उलटफेर का शिकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप 2022 में पहला मैच हारने वाली पाकिस्तान की टीम को अब टूर्नामेंट के अगले दौर में बढ़ने के लिए अपने दूसरे मुकाबले में जीतना जरूरी है। टीम का सामने उस हांगकांग की टीम के साथ है जिसने भारतीय टीम के खिलाफ कड़ी चुनौती पेश की। टीम को हार का सामना करना पड़ा लेकिन टक्कर देने के मामले में कहीं भी पीछे नहीं रही थी। पाकिस्तान के लिए हांगकांग के खिलाफ मैच जीतना इतना आसान नहीं होने वाला है। वैसे भी कमतर आंकी जाने वाली टीमें ही बड़े मौकों पर उलटफेर कर जाती हैं। पाकिस्तान की टीम ने एशिया कप के पहले मुकाबले में भारत के खिलाफ 5 विकेट की हार झेली। वहीं हांगकांग को भारत के खिलाफ 40 रन से हार मिली। अब पाकिस्तान और हांगकांग का मुकाबला ग्रुप ए के निर्णायक मुकाबले में होना है। शुक्रवार 2 सितंबर को दोनों



टीमों के बीच यह मुकाबला शारजाह में खेला जाना है। यहां जिस टीम को हार मिलेगी वो टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। हांगकांग की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही काफी अच्छी नजर आ रही है। ऐसे में अगर कोई उलटफेर हो जाए तो चौंकने वाली बात नहीं होगी।भरत के खिलाफ हांगकांग की गेंदबाजी काबिल ए तारीफ रही थी। केएल राहुल, रोहित शर्मा और विराट कोहली पर बहुत हद तक लगाम लगाने में गेंदबाज कामयाब रहे थे। सूर्यकुमार यादव अकेले ऐसे बल्लेबाज थे जिन्होंने खुलकर शॉट लगाए। आयूष शुक्ला, एहसान खान और यासिन मुर्तजा ने भारतीय बल्लेबाजों को बंधकर रखने में सफलता पाई थी। पाकिस्तान के खिलाफ भी ये सभी बड़ी मुसीबत खड़ी कर सकते हैं। इस वक्त पाकिस्तान की टीम की सबसे बड़ी मुश्किल उनकी बल्लबाजी क्रम में निरंतरता है। कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान के अलावा कोई बड़ी पारी नहीं खेल पा रहा। भारत के खिलाफ भी रिजवान के अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं बना पाया था। पिछली 12 पारियों में फखर जमां 7 पारियों में 15 रन से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। इफ्तिखार पिछली 10 पारियों में 32 रन की सबसे बड़ी पारी खेल पाए हैं। खुशदिल 14 मैच की 13 पारियों में अब तक अर्धशतक तक नहीं पहुंच पाए हैं।

# हांगकांग के खिलाड़ी ने कहा- भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में जाना 'लाइफ टाइम एक्सपीरियंस'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप में हांगकांग के खिलाड़ी मैच के बाद भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में पहुंचे थे। ड्रेसिंग रूम में जाकर हांगकांग के खिलाडियों ने भारतीय खिलाड.ियों भारतीय टीम के खिलाफ क्रिकेट खेलना एक 'लाइफ टाइम एक्सपीरियंस' है। आप नहीं जानते फिर कब आपको यह मौका मिलेगा। कोई नहीं जानता है कि अगले एशिया कप और विश्व कप में क्या शर्मा फाइनेंस एंड एकाउंटिंग स्टूडेंट्स हैं। आयुष ने कहा, 'हम चाहते हैं कि हम भी भारतीय टीम के तरह एक पेशेवर क्रिकेटर बनें। हमनें भारतीय टीम को बहुत फॉलो किया और आने वाले मैच के लिए



के साथ फोटो खिंचवाई और जर्सी पर ऑटोग्राफ भी लिए। पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलने से पहले हांगकांग के खिलाड़ी ने इस अनुभव को संवाददाताओं के सामने साझा किया। उन्होंने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा से बातचीत करना काफी अच्छा रहा। हांगकांग के तेज गेंदबाज आयुष शुक्ला ने बताया, 'बाबर हयात की तरह मैं भी कहना चाहूंगा कि होगा आयुष ने भारतीय खिलाडियों की तारीफ करते हुए कहा, 'भारतीय खिलाडियों ने काफी बेहतर ढंग से हमारे साथ बातचीत की।' रोहित शर्मा की विकेट लेने पर आयुष शुक्ला ने कहा कि उन्हें अभी तक यह एक सपना ही लग रहा है। आयुष ने कहा कि मैनें अभी 5 या 6 टी-20 मैच खेला है, इस दौरान रोहित शर्मा का विकेट लेने मेरे लिए एक बड़ा तजुर्बा है। बता दें कि आयुष हम काफी उत्साहित हैं। भारत के खिलाफ मैच के बाद हांगकांग की पूरी टीम ने विराट कोहली को एक टीम जर्सी गिफ्ट की जिसमें पूरी टीम की तरफ से विराट के लिए एक खूबसूरत संदेश लिखा गया था। इस बात की जानकारी खुद विराट कोहली ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए दी। उन्होंने जर्सी को शेयर करते हुए हांगकांग क्रिकेट को धन्यवाद किया है।

## अगर फॉर्म में नहीं लौटा ये भारतीय स्टार तो विश्व कप टीम में जगह नहीं मिलनी चाहिए

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने एशिया कप के पहले दो मुकाबले में शानदार खेल दिखाते हुए सुपर फोर में जगह बनाई। पहले मैच में पाकिस्तान और फिर हांगकांग के खिलाफ टीम इंडिया ने जीत हासिल की। भारतीय टीम को यहां टूर्नामेंट के दौरान अपने कई स्टार खिलाड.ियों को फॉर्म में लौटने की उम्मीद है। विराट कोहली ने अर्धशकीय पारी खेलकर इसके संकेत दिए हैं लेकिन एक खिलाड़ी के वापसी का अब तक इंतजार है। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने साफ कहा है कि अगर कोई रन नहीं बनाए तो वह विश्व कप की टीम में नहीं हो सकता। टीवी टुडे से बात करते हुए गावस्कर बोले, ठदेखिए शुभमन गिल ने जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के खिलाफ काफी शानदार बल्लेबाजी की है तो यकीनन वह ओपनिंग की जगह को लेकर तगड़ी टक्कर देंगे, ये जो टक्कर होने वाली है काफी कड़ी रहेगी। तो अगर जो आप रन नहीं बना रहे हैं और फॉर्म में नहीं चल रहे फिर तो इसपर विचार करना होगा। आखिरकार यह विश्व कप का सवाल है, जहां आपको उन्हीं खिलाड.ियों को लेकर जाना है जो फॉ.र्म में चल रहे हों।इस बात की तो किसी तरह से कोई जगह ही नहीं है कि आप किसी खिलाड़ी को लेकर इस बात पर दांव लगाएं कि दो तीन मैच खेलने के बाद शायद वह अपने असली फॉर्म में वापस लौट आए।

# ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा एशिया कप से बाहर, अक्षर पटेल टीम में शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप में सुपर 4 मुकाबले से पहले भारतीय टीम को जोरदार झटका लगा है। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा चोट की बाहर होने की जानकारी बोर्ड ने साझा की। दाएं घुटने में उनको चोट लगी है जिसकी वजह से वह आगे बचे मुकाबलों के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। बीसीसीआई की गेंद पर 2 चौके और 2 छक्के की मदद से उन्होंने 35 रन की बेशकीमती पारी खेल टीम को जीत तक पहुंचाया था। हांगकांग के खिलाफ जडेजा के बल्लेबाजी की




वजह से एशिया कप टूर्नमेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह पर अक्षर पटेल को टीम में शामिल किया गया है। एशिया कप के पहले मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ शानदार पारी खेलने वाले ऑलराउंडर जडेजा घुटने में लगी चोट की वजह से बाहर हुए हैं। शुक्रवार को उनको चोटिल होकर टूर्नामेंट के आगे बचे मुकाबले से तरफ से बताया गया है कि मेडिकल टीम उनके चोट पर नजर बनाए हुए हैं। टूर्नामेंट के लिए चुनी गई टीम में स्टैंड बाई में रखे गए ऑलराउंडर अक्षर पटेल को जडेजा की जगह पर मुख्य टीम में जगह दी गई है। पाकिस्तान के खिलाफ हार्दिक पांड्या के साथ मिलकर जडेजा ने छठे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी निभाई थी। 29 बारी नहीं आई थी। गेंदबाजी में 4 ओवर करते हुए 15 रन देकर 1 विकेट हासिल किया था। रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, रिषभ पंत, दीपक हुड्डा, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, रवि बिशनेई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, आवेश खान

# सुरेश रैना IPL 2023 में खेलने को लेकर कर रहे हैं खास तैयारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तूफानी बल्लेबाज सुरेश रैना की जब बात होती है तो हर क्रिकेट फैंस के चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने के दौरान रैना ने अपनी बेमिसाल



पारियों से भारतीय क्रिकेट फैंस को मुस्कुराने के इतने मौके दिए हैं जिसे शायद ही कभी कोई भूल सकता है। यही नहीं इंडियन प्रीमियर लीग में भी रैना ने कुछ ऐसा ही किया है और इस लीग में उनकी करिश्माई बल्लेबाजी की वजह से ही उन्हें मिस्टर आइपीएल के नाम से पुकारा जाने लगा। सुरेश रैना का आइपीएल ट्रैक रिकार्ड बेहद शानदार है, लेकिन आइपीएल 2022 में उन्हें कोई खरीददार नहीं मिल पाया था। उम्मीद जताई जा रही थी कि चेनन्ई सुपर किंग्स उनके नाम पर बोली लगा सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हो सका और वो अनसोल्ड रह गए, लेकिन रैना वो नाम है जो हार नहीं मानता। दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जब दैनिक जागरण डीजिटल के खेल संवाददाता संजय सावर्ण ने उनसे पूछा कि क्या आइपीएल 2023 में उनके खेलने की उम्मीद है तो उन्होंने बेहद आत्मविश्वास भरे शब्दों में जवाब दिया कि उनकी तरफ से मेहनत जारी है और वो भी उम्मीद करते हैं कि कुछ अच्छा होगा। बेहद फिट और अपनी प्यारी मुस्कान बिखेरते हुए रैना ने ये भी कहा कि उनका काम मेहनत करना है और वो कड़ी प्रैक्टिस करने के साथ-साथ अपनी फिटनेस पर भी पूरा ध्यान दे रहे हैं। सुरेश रैना से ये भी पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि दिनेश कार्तिक टी20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो उन्होंने अपने इस साथी खिलाड़ी की भी खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि कार्तिक इन दिनों जबरदस्त गेम खेल रहे हैं और ऐसा लगता है कि उनका ये बेहतरीन प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा। सुरेश रैना आइपीएल के कुछ सबसे सफलतम बल्लेबाजों में शुमार किए जाते हैं। रैना सीएसके के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज है तो इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में वो पांचवें नंबर पर मौजूद है। रैना ने 205 आइपीएल मैचों में 5,528 रन बनाए है। आइपीएल में उन्होंने एक तक एक शतक और 39 अर्धशतक लगाए है। इस लीग में उन्होंने अब तक 506 चौके और 203 छक्के भी जड़े है जबकि एक फील्डर के तौर पर उन्होंने 108 कैच भी ड़के है।

# पाकिस्तान के मैच से पहले बाबर आजम से मिले हांगकांग के कप्तान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हांगकांग की टीम एशिया कप के एक बेहद ही अहम मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने वाली है। इस मुकाबले के बाद ही सुपर 4 में पहुंचने वाली चौथी टीम के नाम का फैसला होना है। भारत के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने के बाद अब पाकिस्तान के खिलाफ हांगकांग की टीम उलटफेर करने की कोशिश में उतरने वाली है। एशिया कप के इस निर्णायक मुकाबले से पहले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम से हांगकांग के कप्तान टिप्स लेने पहुंच गए। क्वालीफायर के जरिए एशिया कप के मुख्य मुकाबलों के लिए जगह बनाने वाली हांगकांग पर शुक्रवार 2 सितंबर को सबकी नजरें रहने वाली है। पाकिस्तान के खिलाफ वह अपने प्रदर्शन से सबको चौंकाने का इरादा लेकर मैदान पर उतरेंगे। दमदार स्पिनर गेंदबाजी से भारत को टीम ने परेशान किया था और अब पाकिस्तान के खिलाफ वह इसी प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। मैच से पहले हांगकांग के कप्तान निजाकत खान ने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज से बात की। उनके पास वह कुछ बल्लेबाजी टिप्स लेने पहुंचे थे।हांगकांग के कप्तान निजाकत ने पाक कप्तान बाबर से मुलाकात कि और उनसे बल्लेबाजी टिप्स मांगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें दोनों कप्तानों के बीच क्या बातचीज हुई ये सुना जा सकता है। बाबर के पास निजाकत पहुंचे और उन्होंने कहा, कोई टिप हमें भी दो। इस बाबर ने कहा- क्या टिप चाहिए। उन्होंने कुछ जरूरी बातें बताई और कहा बस खेलते रहो।

# सम्पादकीय

## भारत के लिए अहम है ताइवान की सुरक्षा अरुणाचल प्रदेश हो सकता है चीन का अगला निशाना

ब्रह्मा चेलानी : अमेरिकी नौसेना प्रमुख एडमिरल माइक गिल्डे ने हाल में कहा कि भारत ने चीन के समक्ष दो मोर्चों पर चुनौतियां उत्पन्न कर दी हैं। उनके अनुसार भारत ने चीन को न केवल दक्षिण चीन सागर से पूरब की ओर देखने पर बाध्य किया है, बल्कि उसे संदेश भी दिया है कि भारत की ओर से करारा जवाब मिलेगा। ऐसी परिस्थितियों को देखते हुए ताइवान पर चीनी हमले का खतरा पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। अमेरिकी सैन्य प्रतिष्ठान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गत वर्ष अमेरिकी संसद को बताया था कि 2027 तक चीन ताइवान पर हमला बोल सकता है, लेकिन अमेरिकी खुफिया विभाग को अब लगता है कि चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग उससे पहले ही ऐसा दांव चल देंगे। उसे आशंका है कि इस साल नवंबर में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की कांग्रेस और 2024 में अगले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बीच में कभी भी ऐसा हो सकता है। यानी जो बाइडन के कार्यकाल में ही चीन ऐसा दुस्साहस दिखा सकता है। अफगानिस्तान में एक आतंकी संगठन के आगे समर्पण और फिर यूक्रेन को रूसी हमले से बचाने में बाइडन की नाकामी और इस युद्ध में उलझने के कारण अमेरिका की स्थिति कमजोर हो गई है। साथ ही रूसी सेनाओं को पीछे हटने के लिए मजबूर करने के मकसद से रूस पर लगाए गए पश्चिमी आर्थिक प्रतिबंधों की असफलता भी ताइवान पर शिकंजा कसने से जुड़ी शी चिनफिंग की हसरतों को परवान चढ़ा रही है। ताइवान के दुर्ग का दरकना एशिया में चीनी आक्रामकता को नए तेवर देगा। इससे हिंद-प्रशांत में शक्ति संतुलन बिगड़ेगा। कई देशों की सामरिक चुनौतियां बढ़ जाएंगी। विशेषकर जापान के लिए, जिसके नेताओं को लगता है कि ताइवान के बाद चीन का अगला निशाना उनका ओकिनावा प्रांत हो सकता है।चीन की ऐसी आक्रामकता भारत की सुरक्षा के लिए भी शुभ संकेत नहीं। एशिया में चीन की जिस सबसे बड़े हिस्से पर नीयत खराब है, वह भारत का अरुणाचल प्रदेश है। अरुणाचल ताइवान से तीन गुना बड़ा है। चीन पहले ही उसे अपने नक्शे में दिखाता आया है। पिछले साल जब बीजिंग ने भारतीय इलाकों का अपने हिसाब से नामकरण किया तो भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे हास्यास्पद बताते हुए उसे ऐसी हरकतों से बाज आने के लिए कहा। अगर चीन ताइवान पर काबिज हो जाता है तो अरुणाचल उसके लिए-नया ताइवान-बन जाएगा। ऐसे में ताइवान की सुरक्षा का मुद्दा भारत के लिए कहीं ज्यादा महत्व का हो गया है। चीन का कोई सैन्य अभ्यास भी सहज नहीं होता। 2020 में चीन की सैन्य टुकड़ी ने भारतीय सीमा के आसपास जो अभ्यास किया, वह दोनों देशों के बीच कई मोर्चों पर टकराव का बिंदु बना, जिसकी चिंगारी दुर्गम बर्फीले हिमालयी क्षेत्र में भड़कती रही। इसीलिए ताइवान के इर्दगिर्द चीनी सैन्य परीक्षणों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। उनमें उसे हड़पने के शी चिनफिंग के-ऐतिहासिक मिशन-की झलक मिलती है। ऐसी परख में ताइवान की आर्थिक नाकेबंदी या उसे अलग-थलग करने की थाह ली गई, जो दर्शाता है कि शी चिनफिंग ताइवान पर ऐसा शिकंजा कसने की रणनीति अपना सकते हैं, जिसमें यह देश चीन के साथ विलय को बाध्य हो जाए। इस दौरान चीन ने जापान के धैर्य की भी परीक्षा ली, क्योंकि दागी गई कुछ मिसाइलें जापानी सामुद्रिक सीमा के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में जाकर गिरीं। क्या ताइवान पर चीनी आक्रामकता भारत की बेचैनी बढ़ा सकती है? याद रहे कि हिमालय की ऊंची बर्फीली चोटियों पर चीनी और भारतीय सैन्य बल करीब ढाई वर्ष से उलझे हुए हैं। ऐसी ही एक झड़प में चीन को अपने सैनिक भी गंवाने पड़े, जो कि 1979 में वियतनाम हमले के बाद चीनी सैनिकों के हताहत होने का पहला मामला था। हालांकि पिछले कुछ समय में यह तल्खी और तनातनी शायद कुछ घटी है, लेकिन जरा सा गलत आकलन भारी पड़ सकता है। ताइवान को लेकर शी ने जैसी घेराबंदी के प्रयास किए हैं, उसे देखते हुए अगले माह भारत-अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास की महत्ता और बढ़ गई है। दोनों देशों के बीच यह प्रस्तावित अभ्यास हिमालयी क्षेत्र में समुद्र तल से 3,000 मीटर की ऊंचाई पर होगा। पूर्व में किसी भी सैन्य अभ्यास के मुकाबले चीनी सीमा के ज्यादा नजदीक होने वाला यह अभ्यास शायद बीजिंग को यही संदेश दे कि ताइवान के साथ युद्ध छेड़ने की सूरत में उसके लिए दूसरा संभावित मोर्चा भी खुल सकता है। युद्ध अभ्यास, कोडनेम वाली यह कवायद चीनी सीमा से मुश्किल से सौ किमी के दायरे में होने जा रही है।सकल घरेलू उत्पाद के पैमाने पर ताइवान दुनिया की 22वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।अप्रत्यक्ष रूप में ही सही, लेकिन एशिया की सुरक्षा में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।



# आतंकी संगठनों की आंखों में खटक रहा है भारत का शीर्ष नेतृत्व

कोढ़ में खाज वाली कहावत इस समय पाकिस्तान पर सटीक बैठ रही है। पहले से ही खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के बीच आई विनाशकारी बाढ़ ने उसकी हालत और पतली कर दी है। अपनी मदद के लिए वह दूसरों के भरोसे बैठा है। इसके बावजूद कश्मीर में जिहाद को लेकर उसका और उसके जैसों का रवैया जस का तस बना हुआ है। सीमा पार से आतंकियों की खेप आती जा रही है। बीते दिनों रूसी फेडरल सिक्योरिटी एजेंसी ने एक ऐसे आतंकी को पकड़ा, जो भारत आकर आत्मघाती हमला करने के इरादे से लैस था। तुर्किए में प्रशिक्षित इस आतंकी को भारतीय सत्ता प्रतिष्ठान के शीर्ष नेतृत्व को निशाना बनाने का निर्देश था। इस काम में उसे स्थानीय स्तर पर किसी की मदद मिलती। जाहिर है कि यह मदद किसी आइएस समर्थक आतंकी से ही मिलती। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि देश के भीतर भी सांप्रदायिक विभाजनकारी शक्तियां, सत्तालोलुप नेता हर दांवपेच चल रहे हैं। संकटकाल लगातार चल रहा है। प्रछन्न राष्ट्रविरोधी, जिहादी, नक्सली, क्षेत्रीय अलगाववादी और विदेशों से वित्त पोषित एनजीओ संगठित होने का आभास दे रहे हैं। इन समस्त देसी-विदेशी शक्तियों के हित खंडित-विभाजित भारत में निहित हैं। आखिर भारतीय शीर्ष नेतृत्व क्यों पाकिस्तानी जिहादियों से लेकर तुर्किए और आइएस के आतंकी समूहों से लेकर तमाम घरेलू धड़ों की आंखों में खटक रहा है? वे भारत के वर्तमान नेतृत्व से इतनी घृणा क्यों करते हैं? इसलिए करते हैं कि पहले अरब और वेटिकन पक्षधरों से भारत में अबाध धन आता रहा। इसके जरिये मतांतरण के प्रछन्नअभियान चलते रहे। अभी भी चल रहे हैं। अब जब इन अभियानों पर रोक लगाने की कोशिश हो रही है तो भारत को कमजोर करने वाली ताकतों को परेशानी हो रही है। इसके पहले इन ताकतों ने देखा था कि सत्ताधिकार परिवारों और सत्ता समूहों में बंट जाता है। राष्ट्रीय चरित्र परिवर्तन उनका लक्ष्य नहीं होता। चूंकि इधर जो बदलाव हो रहे हैं, वे सोते हुए लोगों में जागृति ला रहे हैं इसलिए भारत विरोधी ताकतों के लक्ष्य बिगड़ रहे हैं। राष्ट्रीयता का यह जागरण राष्ट्रविरोधियों का सबसे बड़ा संकट है। इसी वजह से मोदी-विरोध शत्रुता की सीमाएं तोड़ रहा है। एक बड़ा समूह सत्ता के हाशिये पर जा रहा है। हताशा में वह कुछ भी कर गुजरेगा। वैश्विक इस्लामिक परिदृश्य की बात करें तो तुर्किए से लेकर पाकिस्तान और मध्य एशिया के नवस्वतंत्र देशों तक एक इस्लामिक आर्क बनती है। यह भारत-म्यांमार के आगे मलेशिया-इंडोनेशिया तक जाती है। भारत सदियों से इसकी पूर्णता में सबसे बड़ी बाधा रहा है। इसी कारण भारत 712 ई. से ही मजहबी आक्रांताओं का निरंतर निशाना बना। भारत के इस्लामीकरण में आखिर तुकिन्ये जैसे देशों की रुचि क्यों होनी चाहिए? अंग्रेज भी मिशनरियों को लेकर हमें-सभ्य-बनाने आ गए। आजादी के दौर में तुष्टीकरण के प्रयोग हमने देखे। देश विभाजन के बाद भी तुष्टीकरण को समर्पित हमारे नेताओं ने गंगा-जमुनी संभावनाएं कायम रखीं, लेकिन अब राष्ट्रवाद का जो उभार हो रहा है, उससे पार पाना विरोधियों के लिए मुश्किल हो रहा है। वैश्विक इस्लाम की एक तिहाई आबादी भारतीय उपमहाद्वीप में बसी है। उनकी जड़ें भी मूलतः भारतीय संस्कृति में हैं। भारत के एक बड़ी आर्थिक और सैन्यशक्ति के रूप में उभरने से परमाणु बम के बावजूद पाकिस्तान एक मजबूर किस्म का देश बनता जा रहा है। वह अपने आंतरिक विरोधाभास के कारण भारत पर निर्भर चार भागों में विभाजित हो सकता है। यानी सशक्त भारत के फलस्वरूप एक मजहबी साम्राज्य बिखरने को है। इसीलिए भारतीय मुस्लिम समाज को मुख्यधारा से भटकाने के लिए वैश्विक और आंतरिक मजहबी शक्तियां जी-जान से जुटी हैं। यदि ऐसा नहीं होता तो टीवी चैनलों पर हो रही तमाम बहसों में कोई एक मामूली सी बात अंतरराष्ट्रीय मुद्दा कैसे बन गई? इसलिए बन गई, क्योंकि वैश्विक मजहबी ताकतों को भारत में अपने मजहबी अभियानों में बाधा पच नहीं रही। उनकी समस्या यह भी है कि मोदी का भारत अपने चरित्र में अल्पसंख्यक समाज के प्रति दुराग्रहमुक्त है। मजहबी ताकतें चाहे वे तुकिन्ये हों या आंतरिक वामी-सांप्रदायिक गठजोड़, भारत को इस अतिसंवेदनशील काल में खलनायक नहीं बना पा रही हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व को अहसास है कि कोई भी प्रायोजित सांप्रदायिक समस्या देश को भीषण आर्थिक संकट के दायरे में धकेल देगी। दूरगामी लक्ष्यों के दृष्टिगत मोदी सरकार तमाम आलोचनाओं को झेलते हुए भी धैर्य धारण कर अपने लक्ष्य से डिग नहीं रही है। अब भारत के शत्रुओं और उनके पिट्ठुओं के पास क्या विकल्प हैं? इसकी एक बानगी रूसी एजेंसी के सामने आतंकी के कुबूलनामे से सामने आई है। निःसंदेह आज देश में वही हो रहा है, जो राष्ट्रीय सशक्तीकरण के लिए आवश्यक है। अनुच्छेद 370 के संवैधानिक संकट का निराकरण सरल नहीं था। पाकिस्तान पहली बार औकात में दिखा है। अब देश के नागरिकों के दायित्व की बात आती है। नेहरू-लियाकत पैक्ट को ध्वस्त करने वाले नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी जैसी महत्वपूर्ण पहल को लेकर हमारी जनता को अपनी सरकार के साथ खड़ा होना चाहिए था। यही काम उसे तीनों कृषि सुधार कानूनों के मामले में करना चाहिए था। सरकारों की सीमाएं होती हैं। हम जन-सरोकारों की बात तो करते रहे हैं, लेकिन यह भूल जाते हैं कि हमारे जनदायित्व भी हैं। हमारे पास सामाजिक नेतृत्व नहीं है। हमें हर रंग में रंगे नेता तो मिले, मगर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर सकने वाला कोई सशक्त हस्ताक्षर न मिला। इसी कारण धर्म-संस्कृति वाले भारत देश में समाज प्रायः नेतृत्वविहीन रहा। यही वजह है कि देश में सामाजिक-धार्मिक नेतृत्व के अभाव के कारण यदि प्रधानमंत्री मोदी से देश की अपेक्षाएं इस दिशा में भी जुड़ गई हैं तो वह अकारण नहीं। कुल मिलाकर यह देश के लिए यह कठिन समय है। वैश्विक मजहबी शक्तियां प्रत्याक्रमण कर रही हैं। हमें धैर्य रखना है। इसलिए अभी झंझावातों से अपनी कश्ती को निकाल ले जाना ही साध्य होना चाहिए।



# स्वदेशी क्षमताओं का प्रमाण INS विक्रांत, हिंद महासागर में चीन की गतिविधियों को मिलेगा भारतीय नौसेना से करारा जवाब

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत दिवस स्वदेश निर्मित भारत के पहले विमानवाहक पोत आइएनएस विक्रांत को कोचीन शिपयार्ड में देश सेवा के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केरल के समुद्री तट पर पूरा भारत एक नए भविष्य के सूर्योदय का साक्षी बन रहा है। यह विश्व क्षितिज पर भारत के बुलंद होते हौसलों की हुंकार है। यह पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत ही नहीं, बल्कि समंदर पर तैरता हुआ एक किला है। इसका डिजाइन और निर्माण सब कुछ भारत में ही किया गया है। इसमें जितनी बिजली पैदा होगी, उससे 5000 घरों को रोशन किया जा सकता है। इसका फ्लाइंग डेक भी फुटबाल के दो मैदानों से बड़ा है। 1971 की लड़ाई में अपनी शानदार भूमिका निभाने वाले विक्रांत का यह नया अवतार अमृत-काल की उपलब्धि के साथ-साथ हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और बहादुर सैनिकों को भी एक विनम्र श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर भारतीय नौसेना ने अपनी सभी शाखाओं को महिलाओं के लिए खोलने का निणऱ्य भी लिया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने भारतीय नौसेना को नया ध्वज भी प्रदान किया। अब छत्रपति शिवाजी से प्रेरित नौसेना का नया ध्वज समुद्र में लहराएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय नौसेना के नए निशान का भी अनावरण किया। अब गुलामी के प्रतीक लाल क्रास को हटा दिया गया है। ध्वज में ऊपर बाईं तरफ तिरंगा बना हुआ है और बगल में नीले रंग के बैकग्राउंड पर गोल्डन कलर में अशोक चिह्न बना हुआ है, जिसके नीचे सत्यमेव जयते लिखा हुआ है। स्वदेशी विमानवाहक पोत का निर्माण आत्मनिर्भर भारत अभियान की एक खास मिसाल है। इस तरह इसने नौसैन्य बल का एक नया समुद्री इतिहास रच दिया गया है। इस उपलब्धि के बाद भारतीय नौसेना दुनिया की शीर्ष तीन नौसेनाओं में से एक बन गई है। आइएनएस विक्रांत के निर्माण की शुरुआत 28 फरवरी 2009 को कोच्चि के कोचीन शिपयार्ड में की गई। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसे 12 अगस्त 2013 को लांच किया गया। दिसंबर 2020 में इसका बेसिन ट्रायल किया गया, जिसमें यह पूरी तरह खरा उतरा। सामुद्रिक परीक्षणों के लिए इसे 4 अगस्त 2021 को समुद्र की लहरों पर उतारा गया, जो इसके परीक्षण का पहला चरण था। परीक्षण का दूसरा चरण अक्टूबर 2021 और तीसरा चरण



22 जनवरी 2022 को पूरा हुआ। इसका अंतिम और चौथा समुद्री परीक्षण मई 2022 में शुरू किया गया, जो 10 जुलाई 2022 को पूरा हुआ। चौथे परीक्षण में समुद्र के करीब और दूरी पर रक्षा संबंधी उपकरणों के साथ इसकी रणनीतिक क्षमता को नौसेना द्वारा व्यापक रुप से जांचा-परखा गया। परीक्षणों में यह भी देखा गया कि यह पोत कितना ताकतवर, टिकाऊ और भरोसेमंद है। इसके अलावा इसकी मारक क्षमता भी देखी गई। इन परीक्षणों ने यह सिद्ध कर दिया कि इसके नौसेना में शामिल होने के बाद देश की रक्षा शक्ति में अभूतपूर्व क्षमता जुड़ जाएगी और समुद्री क्षेत्र में भारत के हितों को सुरक्षित करने में मदद मिलेगी।आइएनएस विक्रांत भारत का पहला स्टेट आफ द आर्ट विमानवाहक पोत है। इस युद्धपोत को बनाने में करीब 23,000 करोड़ रुपये की लागत आई है। इसके कांबैट मैनेजमेंट सिस्टम को टाटा पावर स्ट्रैटेजिक इंजीनियर डिवीजन ने रूस की वीपन एंड इलेक्ट्रानिक्स सिस्टम इंजीनियरिंग और मार्स के साथ मिलकर बनाया है। इसे बनाने में कोचीन शिपयार्ड के साथ-साथ 500 से अधिक भारतीय कंपनियों ने मदद की है। इसके अलावा इसके निर्माण में करीब सौ एमएसएमई कंपनियां भी शामिल थीं। इस युद्धपोत के अलग-अलग हिस्सों को अलग-अलग कंपनियों ने बनाया है। यह मेक इन इंडिया का एक बेहतरीन उदाहरण है। इस पर तैनात होने वाले लड़ाकू विमानों को लेकर भी काफी चिंतन और मनन किया गया। पहले इस पर हल्के तेजस लड़ाकू विमानों को तैनात किए जाने की बात हुई, परंतु इसमें कुछ समस्याएं आईं तो रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी डीआरडीओ ने एक प्लान बनाकर हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड को दिया, जिसके तहत अब वह ट्विन इंजन डेक बेस्ड फाइटर विकसित कर रहा है। तब तक के लिए इस पर मिग-29के श्रेणी वाले लड़ाकू विमानों को तैनात किया जाएगा।इस विमानवाहक पोत की फ्लाइट डेक करीब 1.10 लाख वर्ग फुट की है, जिस पर बड़ी संख्या में लड़ाकू विमान आराम से टेक आफ और लैंडिंग कर सकते हैं। इस पर एक बार में 36 से लेकर 40 की संख्या में लड़ाकू विमान तैनात किए जा सकते हैं। इस विमानवाहक पोत की स्ट्राइक फोर्स की रेंज 1,500 किमी तक की है। इस पर जमीन से हवा में मार करने में सक्षम 64 बराक मिसाइलें लगी होंगी। आइएनएस विक्रांत में जनरल इलेक्ट्रिक के ताकतवर टरबाइन लगे हैं, जो इसे 1.10 लाख हार्स पावर की ताकत देंगे। इस तरह यह काफी शक्तिशाली विमानवाहक पोत है। इस युद्धपोत को सर्वश्रेष्ठ आटोमेटेड मशीनों, आपरेशन, शिप नेविगेशन एवं सुरक्षा प्रणलियों से लैस किया गया है। इसकी लंबाई 860 फुट, गहराई 84 फुट ओर चौड़ाई 203 फुट है। इस पोत का कुल क्षेत्रफल 2.5 एकड़ का है। यह 52 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से समुद्र की लहरों को चीरता हुआ तेजी से आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। यह एक बार में 15,000 किमी की यात्रा कर सकता है। इसमें एक बार में 196 नौसेना अधिकारी, 1149 सेलर्स और एयरक्रू तैनात रह सकते हैं। इन खूबियों वाला यह पोत हिंद महासागर में चीन की बढ़ती गतिविधियों के मद्देनजर भारतीय नौसेना की ताकत काफी बढ़ा देगा।

# अंतिम रूसी कम्युनिस्ट नेता गोर्बाचौव, शीत-युद्ध की समाप्ति में उनका रहा बड़ा योगदान लेकिन

मिखाइल सर्गेइच गोर्बाचौव 1985 में पहली बार चर्चा में आए। सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी के नए महासचिव के रूप में उनका आकर्षक चेहरा विश्व के सभी प्रमुख अखबारों के मुखपृष्ठ पर छपा। उनके चेहरे में कुछ था, जिससे किसी बदलाव की झलक महसूस होती थी। सोवियत रूसी लोग भी खुश हुए थे, जो लंबे समय से बूढ़े कम्युनिस्ट नेताओं के भावहीन चेहरे देख-देखकर ऊब चुके थे। गोर्बाचौव तब मात्र 54 वर्ष के थे, सोवियत नेताओं के हिसाब से युवा। ऊर्जावान और भविष्य के प्रति आशान्वित। गोर्बाचौव शुरू से ही सुधार और परिवर्तन को लेकर उत्साह में थे। वह सोवियत व्यवस्था में ठहराव दूर करने को अधीर दिख रहे थे। उनके तरीकों में लोकतांत्रिक झलक थी। यह सब कम्युनिस्ट समाज के लिए नई बात थी। गोर्बाचौव ने दशकों से जड़ हो रही सोवियत अर्थव्यवस्था में नए रक्त-संचार का यत्न किया, पर विफल रहे। 1989 में जैसे ही गोर्बाचेव ने पूर्वी यूरोप से सोवियत सेना हटाने की घोषणा की, वैसे ही पूर्वी यूरोप की तमाम समाजवादी व्यवस्थाएं भरभराकर गिर पड़ीं। सोवियत साम्राज्य के पतन की दिशा में पहला बड़ा कारण था। सोवियत संघ के अंदर भी गोर्बाचौव ने 'पेरेस्त्रोइका' (पुनर्गठन) और 'ग्लासनोस्त' (खुलापन) के साथ नई संस्थाएं और कानून बनाए। सब कुछ आजमाया, पर अर्थव्यवस्था नहीं सुधरी। दुविधा बढ़ती गई। अगस्त 1991 में कुछ सहयोगियों ने गोर्बाचौव के तख्तापलट का भी प्रयत्न किया, किंतु उनमें वैकल्पिक योजना का अभाव था। सो तख्तापलट विफल हुआ। फिर भी गोर्बाचौव की आभा जाती रही। नए नेता बोरिस येल्तसिन की हवा बनने लगी, जो यूरोप जैसी मुक्त अर्थव्यवस्था बनाने को अधीर थे। अंततः उन्होंने दिसंबर 1991 में सोवियत व्यवस्था के विखंडन की घोषणा की। गोर्बाचौव के सात साल का अंतिम रूसी कम्युनिस्ट दौर एक शिक्षाप्रद कथा है। एक निर्विवाद महाशक्ति यकायक अंदर से ध्वस्त हो गई। इसमें विवाद है कि यह सब कैसे हुआ? हालांकि भारत में इस पर नगण्य विचार हुआ, क्योंकि यहां बौद्धिक जगत में वामपंथियों का खासा प्रभाव था। दूसरी ओर चीनी कम्युनिस्ट नेताओं ने अपने यहां लोकतंत्र के पक्ष में आंदोलन को गोर्बाचौव की लोकप्रियता के दौर में कुचल डाला। मई 1989 में गोर्बाचौव चीन में थे। इसके चंद दिनों बाद थ्यानमेन चौक पर नरसंहार हुआ। चीनी नेता अधिक प्रयोगधर्मी साबित हुए। देंग ने सोवियत नेताओं से पहले भांप लिया था कि लेनिनवाद-माओवाद में दम नहीं है। यह समझने में उन्हें पड़ोसी ताइवान और दक्षिण कोरिया से भी सहायता मिली, जो पूंजीवादी



व्यवस्था द्वारा तेजी से तरक्की कर रहे थे। चीनियों ने चुपचाप आधुनिकीकरण करके पश्चिमी पूंजीवादी तत्व अपनाए। यह काम उन्होंने दृढ़ता से किया। उन्होंने अमेरिका-यूरोप से भरपूर सहायता भी ली। देंग का नारा था, 'जैसे चाहो, पहले धनी बनो।' चीन की तुलना में रूसी नेतागण भोले साबित हुए। उन्हें देंग जैसा दूरदर्शी नेता न मिला, जो चालू समाजवाद और पूंजीवाद के सामाजिक-आर्थिक तंत्र और तुलनात्मक खूबियों, खामियों को ठीक-ठीक समझ सका हो। गोर्बाचौव ने बिना सच्चाई को देखे-समझे भारी भरकम सोवियत आर्थिक व्यवस्था को नई दिशा देने की कोशिश की। उन्होंने 52 वर्ष की आयु तक कोई पश्चिमी देश देखा तक नहीं था, न उनकी आर्थिक-तकनीकी क्षमताएं जानते थे। सोवियत सेंसरशिप ने अपने नेताओं समेत संपूर्ण रूसी समाज को घोर अज्ञानियों में बदल डाला था। वे अपने समाजवाद और पश्चिमी पूंजीवाद के बारे में अपनी प्रोपेगंडा पुस्तिकाओं के सिवा लगभग कुछ नहीं जानते थे। इसलिए भी गोर्बाचौव केवल भावनात्मक अपीलों और तरह-तरह की संस्थागत कसरतों से अधिक कुछ सोच नहीं पाए। वह अपनी इच्छाओं को ही कायऱ्योजना समझकर पेश करते जाते थे। गोर्बाचौव के विवरणों से भी दिखता है कि शीर्ष सोवियत नेता बन जाने पर भी उन्हें पश्चिमी समाजों की अर्थव्यवस्था, राजनीति और मीडिया आदि से जुड़ी कार्यसंस्कृति की समझ नहीं थी। अतीत की समीक्षा करते हुए गोर्बाचौव खाली मुहावरों का ही इस्तेमाल करते रहे। जैसे, 'हमें कम्युनिस्ट पार्टी में सुधार का काम और फुर्ती के साथ करना चाहिए था।' मगर किस तरह का सुधार इसका कोई उत्तर गोर्बाचौव के पास न था। हालांकि उन्होंने यह स्वीकार किया कि 'कम्युनिज्म वैसा नहीं बन सका जैसा इसके संस्थापकों ने सोचा था-न तो सोवियत संघ में, न पूर्वी यूरोप में। सोवियत संघ में जो व्यवस्था बनी, उसका बुरी तरह अंत होना निश्चित था।' शीत-युद्ध समाप्त करने में योगदान के लिए 1990 में गोर्बाचौव को नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया, किंतु अगले साल सत्ता से हट जाने के बाद उनकी छवि जल्द ही लुप्त हो गई। कुछ समय तक उन्होंने पश्चिमी देशों में व्याख्यान आदि दिए, पर उनमें कोई विशेष बात नहीं थी। उनके 'गोर्बाचौव फाउंडेशन' का भी कोई कार्य कभी सुनने में नहीं आया। निःसंदेह सोवियत गुट और अमेरिकी गुटों के बीच शीत-युद्ध समाप्त होने में गोर्बाचौव का बड़ा योगदान था। जर्मनी का एकीकरण और कई पूर्वी यूरोपीय देशों में लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाने में भी उनकी उदार नीतियों का अवदान था, किंतु सोवियत साम्राज्य का पतन हो जाने से गोर्बाचौव का वह योगदान पृष्ठभूमि में दब गया। आखिर सफलता और सत्ता का तर्क सबसे बड़ा होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल का साथ देंगे उत्तराखंड के ये छह कार्यकर्ता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में सात सितंबर से कन्याकुमारी से प्रारंभ हो रही 145 दिनी भारत जोड़ो यात्रा में उत्तराखंड से छह कार्यकर्ता सम्मिलित रहेंगे। वहीं उत्तराखंड के सभी जिलों में इस यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने जिला समन्वयकों नामित किए गए हैं सभी 13 जिलों में समन्वयक नियुक्त देशभर में इस पूरी यात्रा के दौरान उत्तराखंड से पार्टी के संचार विभाग के सचिव वैभव वालिया, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला, अंकित शाह, इशिता शाह, राजपाल बिष्ट और मोहित उनियाल साथ रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री संगठन विजय सारस्वत ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा के लिए सभी 13 जिलों में समन्वयक नियुक्त किए गए हैं। नैनीताल में गोविंद सिंह बिष्ट, बागेश्वर में हरीश ऐठानी, चम्पावत में योगेश मेहता, अल्मोड़ा में रमेश सकलानी, पिथौरागढ़ में मुकेश पंत और चमोली में विकास जुगरान को समन्वयक बनाया गया है। पौड़ी जिले में बलबीर सिंह रावत, टिहरी में शांति प्रसाद भट्ट, उत्तरकाशी में दिनेश गौड़, हरिद्वार में अमन गर्ग, देहरादून में राजेश चमोली, उत्तरकाशी में नरेंद्र बिष्ट को यह जिम्मेदारी दी गई है। देश में बदलाव लाएगी भारत जोड़ा यात्राः जुबेर भारत जोड़ो यात्रा के लिए उत्तराखंड प्रभारी और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव जुबेर खान ने कहा कि यह यात्रा देश में बड़े बदलाव, समाज को एकजुट करने और हिटलरशाही खत्म करने में महत्वपूर्ण साबित होगी।प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में जुबेर खान ने कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3570 किमी की इस यात्रा में राहुल गांधी के साथ 118 नेता पैदल साथ चलेंगे।

## दंत चिकित्सक और लोगों की फजीहत रोहिणी दिल्ली

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** दिल्ली स्थित रोहिणी में दंत चिकित्सालय फर्स्ट गुड हेल्थ पैथलैब एंड डेंटल क्लिनिक जो कि वहां के दबंग रंगदार रवि पांचाल द्वारा संचालित किया जाता है यह चिकित्सालय नामी-गिरामी दंत चिकित्सकों की भर्ती करता है भर्ती के नाम पर चिकित्सकों से धन लेता है एवं चिकित्सकों को डरा धमका कर उनका पैसा भी नहीं देता है बड़े नाम को देखकर लोग इलाज कराने आते हैं और फस जाते हैं फिर उनको डरा धमकाकर कि तुम्हारा इलाज भी आधे में छोड़ देंगे उनसे भी धन उगाही की जाती है यूपी की प्रसिद्ध गोल्ड मेडलिस्ट चिकित्सक पूर्णिमा सिंह दांत चिकित्सक जो इस जाल में फंस गई उनसे 2 महीने काम कराया गया भर्ती के नाम पर उनसे ?50000 लिया जहां काम कराने के बाद उनको पैसा भी नहीं दिया गया क्योंकि वह मालिक के हिसाब से अपने पेशे के धर्म को छोड़कर काम नहीं कर रही थी इसलिए उनको फोन से लगातार मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है जब भी वह पैसा मांगने पहुंचती हैं उन को डराया धमकाया जाता है और जान से मारने की धमकी दी जाती है पूरे



रोहिणी में इस तरीके फर्जी गैंग संचालित हो रहे हैं जो कि शासन प्रशासन को ठेंगा दिखाकर जनता एवं चिकित्सकों को लूटने का जरिया बने हुए हैं।

## नोएडा के शंभू प्रसाद पोखरियाल समाजवादी पार्टी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।** सपा नोएडा महानगर के निवर्तमान महासचिव शंभू प्रसाद पोखरियाल को समाजवादी पार्टी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष बनाया



गया, इसके लिए उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी का तहे दिल से धन्यवाद दिया , और कहा कि वह पूरी मेहनत के साथ उत्तराखंड में समाजवादी पार्टी को बढ़ाने का काम करेंगे और समाजवादी पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगे, पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी व निवर्तमान महानगर अध्यक्ष दीपक विग ने भी शंभू प्रसाद पोखरियाल को बधाई दी और अखिलेश यादव को धन्यवाद दिया कि उन्होंने नोएडा के शंभू प्रसाद पोखरियाल को उत्तराखंड का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है, मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता गौरव कुमार यादव ने भी शंभू प्रसाद पोखरियाल को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

## गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयंती के अवसर पर गुर्जर नेताओं ने भरी हुंकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।** दादरी अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा गौतमबुद्धनगर इकाई के द्वारा अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस के अवसर दादरी स्थित मिहिर भोज इंटर कॉलेज के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन कर गुर्जर




प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समाज के प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री वेदराम भाटी एवं संचालन अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम सिंह भाटी ने किया। इस अवसर पर सरधना विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि सम्राट मिहिर भोज एक चक्रवर्ती सम्राट थे। उन्होंने 836 ईस्वीं से 885 ईस्वीं तक 49 साल के लंबे समय तक शासन किया था। उन्होंने विदेश आक्रांताओं से भारत की रक्षा की और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए उत्कृष्ट कार्य किये। सम्राट मिहिर भोज के राज्य का विस्तार वर्तमान मुल्तान से लेकर बंगाल तक और कश्मीर से लेकर कर्नाटक तक फैला हुआ था। हमें सम्राट मिहिर भोज को आदर्श मानते हुए अपने राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए कार्य करने चाहिए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री वेदराम भाटी ने कहा कि गुर्जर समाज ने सदैव देश और धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दिया है और समाज आगे राष्ट की रक्षा के लिए समर्पित रहेगा। गुर्जर समाज अब जागरूक हो रहा है, समाज के नौजवान आगे बढ़कर देश को गौरवान्वित कर रहे है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने कहा कि हम सब लोगों को अब गांव- गांव जाकर गुर्जर समाज को जगाना होगा और उन्हें शिक्षा एवं संस्कार का महत्व समझाना होगा। इस मौके पर विजेंद्र सिंह भाटी ने कहा कि भारत के इतिहास में गुर्जर प्रतिहार वंश के योगदान को एक षडयंत्र के तहत दबाया गया है। आज समाज नौजवान बहुत मेहनत करके अपने इतिहास को खोज करके ला रहे है। समाज मे एकजुटता और जागृति के लिए गुर्जर समाज को जागरूक करना होगा। इस मौके पर मुख्य रूप नवाब सिंह नागर, फकीर चंद नागर,दिनेश गुर्जर, बिजेंद्र भाटी, राव संजय भाटी,बिजेंद्र नागर, ईश्वर मावी,प्रमेंद्र भाटी एडवोकेट, देवेंद्र टाइगर एडवोकेट, डॉ अजय भाटी, रामकुमार तवर दीपक भाटी चोटीवाला, गौतम अवाना,तेजा गुर्जर, मनवीर भाटी, देवेश राणा ,प्रदीप कसाना, नीतीश भाटी, गौरव कसाना, मनवीर भाटी, दीपक नागर, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## नशे में धुत कार चालक युवती ने बाइक सवार को रौंदा, दर्दनाक मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के एनएच-24 पर विनोद नगर के पास शुक्रवार की रात कार की चपेट में आने से एक बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कार एक युवती ड्राइव कर रही थी। मृतक के परिजनों का आरोप है कि कार चालक युवती नशे की हालत में थी। दिल्ली पुलिस ने मामले में आरोपित युवती के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। परिजनों ने कार्रवाई की मांग की वहीं, मृतक के भाई ने आरोपित युवती के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मृतक के भाई का कहना है, ठवह मेरा बड़ा भाई था। उसे मारने वाली लड़की शराब के नशे में गाड़ी चला रही थी। हम चाहते हैं कि पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई करे।ठबता दें कि अभी कुछ दिनों पहले ही एक ऐसा ही मामला राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के गीता कॉलोनी से भी सामने आया था, जहां फ्लाईओवर पर देर रात मध्य प्रदेश के एक पूर्व विधायक ने अपनी बीएमडब्ल्यू कार ने तीन से चार वाहनों को टक्कर मार दी। इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह भी पढ़ें- शराब पीने के बाद 'गाड़ी आज तेरा भाई चलाएगा', जानिए ऐसे लोगों के लिए क्या कहती है दिल्ली पुलिस बता दें कि देश की राजधानी दिल्ली में शराब पीकर गाड़ी चलाने को लेकर सख्त कानून है।

## गौतमबुद्ध नगर के लिए तोहफा सुरेंद्र सिंह नागर की मांग हुई पूरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।**नोएडा गौतमबुद्ध नगर वासियों के लिए बड़ी खबर है। रेल मंत्रालय ने दनकौर और दिल्ली के बीच रेल सेवा एक बार फिर शुरू कर दी है। राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने 30 मार्च 2022 को सदन में यह मुद्दा उठाया था। दरअसल, कोविड-19 महामारी के दौरान दिल्ली और एनसीआर के बाकी शहरों के बीच चलने वाली इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट ट्रेन (ईएमयू) को बंद कर दिया गया था। महामारी खत्म होने के बाद भी इन्हें रेल मंत्रालय ने शुरु नहीं किया। जिस पर सुरेंद्र सिंह नागर ने सदन में मांग उठाई। अब रेल मंत्रालय ने उनकी मांग पूरी करते हुए गौतमबुद्ध नगर के दनकौर कस्बे और दिल्ली के बीच रेल सेवा बहाल कर दी है। गुरुवार को दोबारा ईएमयू ट्रेन का संचालन हुआ। सांसद ने रेलमंत्री को धन्यवाद दिया है। गौतमबुद्ध नगर के हजारों दैनिक यात्रियों को मिला लाभ राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने सदन को बताया था कि गौतमबुद्ध नगर से दिल्ली के बीच रोजाना हजारों की संख्या में कर्मचारी आवागमन करते हैं। इनके लिए ईएमयू ट्रेन सस्ता, सुलभ और सहज यातायात का साधन है। इसके बंद होने से जिले के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब कोरोना वायरस के कारण फैली महामारी समाप्त हो चुकी है। लिहाजा, ईएमयू ट्रेन को दोबारा शुरू किया जाना चाहिए। इस पर रेल मंत्री ने सदन में जल्दी ईएमयू ट्रेन सेवाएं बहाल करने का आश्वासन सांसद को दिया था। अब गुरुवार को यह सेवा बहाल कर दी गई है। राज्यसभा में उठाया था मुद्दा राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने बीते 30 मार्च 2022 को राज्यसभा में मुद्दा उठाते हुए कहा था, पहले कोरोना लॉकडाउन के दौरान रेलवे मंत्रालय ने दिल्ली से चलने वाली लोकल ट्रेन ईएमयू को बंद करने का निणर्य लिया था दिल्ली से उत्तर प्रदेश के बीच दिल्ली दनकौर दिल्ली से खुर्जा और दिल्ली से अलीगढ़ के बीच चलने वाली ईएमयू ट्रेन को भी बंद करने का निणर्य लिया अब कोरोना की सारी पाबंदी खत्म हो गई है। इन ईएमयू से रोजाना

### दिल्ली-दनकौर के बीच फिर चली ट्रेन

हजारों लोगों को फायदा मिलता है। इन ट्रेनों के माध्यम से रोजाना दिल्ली से गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़ और खुर्जा के लोग यात्रा करते हैं। जिसमें नौकरी करने वाले लोग और व्यापारी यात्रा करने के लिए आते हैं। इसमें दनकौर और खुर्जा में रहने वाले लोग रोजाना दूध की आपूर्ति दिल्ली में करते हैं। लोगों की परेशानियों को देखते हुए उठाई मांग उन्होंने आगे कहा था, ठइन ट्रेन को चलाने के लिए पहले भी रेल मंत्रालय ने घोषणा की थी, लेकिन 2 वर्ष से अधिक होने के बावजूद भी अभी तक इन ट्रेनों का संचालन शुरू नहीं हुआ है। मैं रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि दैनिक यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए, नौकरी पेशा के लोगों की परेशानी को देखते हुए और छोटे व्यापारियों की परेशानी को देखते हुए इन ईएमयू का संचालन दोबारा से शुरू किया जाए।सुरेंद्र सिंह ने रेल मंत्री को धन्यवाद दिया।सुरेंद्र सिंह नागर ने कहा, ठदनकौर से दिल्ली के बीच चलने बाली ईएमयू ट्रेन का आज से पुनः संचालन शुरू करने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी का बहुत-बहुत धन्यवाद। यह रेल सेवा गौतम बुद्ध नगर और बुलंदशहर जिले के दैनिक यात्रियों के लिए बड़ी फायदेमंद है। सुबह दिल्ली जाने और शाम को वापस घर लौट कर आने के लिए यातायात का सबसे अच्छा साधन है। महामारी के बीच इसका संचालन बंद होने से स्थानीय निवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। खासतौर से ग्रामीण इलाकों के लोग परेशान थे। अब यह समस्या दूर हो गई है।

## महर्षि आश्रम मे गणेश चतुर्थी पर पौधारोपण किया गया


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।** महर्षि आश्रम नोएडा में चल रहे गणेश चतुर्थी पूजा



महोत्सव 31 अगस्त से 9 सितंबर में प्रस्तावित पौधरोपण के कार्यक्रम के लिए पर्यावरण चिंतक राजीव शर्मा द्वारा महर्षि आश्रम के व्यस्थापक(एडमिन) विनीत कुमार श्रीवास्तव व मीडिया प्रभारी ए के लाल को अमरूद, बाँस, जामुन, आँवल, अर्जुन , अलस्टोनिया आदि के 200 पौधे भेंट स्वरूप दिये गए , ए के लाल ने बताया कि राजीव शर्मा मुख्यमंत्री योगी जी के 25 करोड़ पौधरोपण के सपने को साकार करने में जी जान से लगे हुए हैं व पर्यावरण संरक्षण के लिए हमेशा तत्पर रहते है व कई नगरों में हज़ारों पौधे रोपित कर उनको सिंचित करने का पावन कार्य कर रहे है।

## दिल्ली-एनसीआर में दो दिन हो सकती बारिश, मौसम विभाग ने जारी किया ताजा पूर्वानुमान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा/गुरुग्राम।** दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर मौसमी उतार-चढ़ाव का दौर शुरू हो गया है। मानसून की सक्रियता बरकरार है। हालांकि, सितंबर के तीसरे सप्ताह में मानसून दिल्ली-एनसीआर समेत देशभर से विदा हो जाएगा। इस बीच आगामी दो दिनों तक दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश होने के आसार हैं, इसका पूर्वानुमान भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जताया गया है मानसून की भी राहत नहीं मिली। इस विपरीत अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि दो दिन बादल छाए रहेंगे और हल्की वर्षा हो सकती है। राजधानी दिल्ली और एनसीआर के शहरों में शुक्रवार को दिन चढ़ने के साथ-साथ धूप भी तेज होती गई। दोपहर के समय एकाएक कुछ इलाकों में घने बादल छा गए। कुछ देर बाद हल्की वर्षा शुरू हो गई। सबसे ज्यादा वर्षा मयूर विहार क्षेत्र में हुई। हालांकि दिल्ली के ज्यादातर इलाके सूखे रहने और तेज धूप



सक्रियता के बीच दिल्ली-एनसीआर के लिए मौसम विभाग का ताजा अनुमान है कि अगले दो दिनों बादल छाए रहेंगे और बूंदाबांदी भी हो सकती है। जहां तक शनिवार की बात है तो इस दौरान अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। शनिवार को हवा की गति 25 किमी प्रति घंटे तक रहेगी।दूसरी ओर, शुक्रवार को भी दिल्ली की हवा साफ बनी रही। दिल्ली के कई इलाकों में शुक्रवार को हल्की वर्षा हुई, लेकिन उमस भरी गर्मी से फिर के कारण लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली।दिल्ली का अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा रहा। न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है। हवा में नमी का स्तर 97 से 64 प्रतिशत तक रहा। हवा की गति 16 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रही। शुक्रवार को हुई बारिश के चलते दिल्ली-एनसीआर के लोगों को गर्मी और उमस से थोड़ी राहत मिली, जो शनिवार को भी बरकरार है।

## बेटी को ठेका देने के मामले में LG को लेकर कोर्ट जाएगी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को आरोप लगाया कि दिल्ली एलजी वी के सक्सेना ने केंद्रीय खादी ग्रामोद्योग (केवीआइसी) में चेयरमैन रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया और अपनी बेटी को मुंबई में खादी लाउंज के इंटीरियर डिजाइनिंग का ठेका दिया था।आप ने मांग की कि सक्सेना के खिलाफ उनकी बेटी शिवांगी सक्सेना को कथित रूप से कानून का उल्लंघन करके अनुबंध देने के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू की जाए। सिंह ने आरोप लगाया कि एलजी वी के सक्सेना ने केवीआइसी अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान केवीआइसी अधिनियम 1961 के प्रावधानों का उल्लंघन किया और



अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपनी बेटी को मुंबई में एक खादी लाउंज के इंटीरियर डिजाइनिंग का ठेका दिया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को सक्सेना को दिल्ली उपराज्यपाल के पद से तत्काल बर्खास्त करना चाहिए और उनकी बेटी को अवैध रूप से ठेका देने के लिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें तुरंत बर्खास्त करें। इस मुद्दे पर आप के दो राष्ट्रीय प्रवक्ताओं ने शुक्रवार को दोपहर प्रेसवार्ता कीं। पहली प्रेसवार्ता आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पार्टी के विधायक अखिलेशपति त्रिपाठी, ऋतुराज, प्रवीण कुमार, मदन लाल व दिनेश मोहनिया के साथ की तथा दूसरी प्रेसवार्ता आतिशी ने की।संजय सिंह ने भी

## शैलेन्द्र कुमार ने अपनी टीम सहित सपा से किया किनारा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।** महानगर समाजवादी पार्टी के उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि प्रतिनिधि मंडल के श्रीकांत त्यागी( सोसाइटी के महिला के साथ बदतमीजी एवं धक्का-मुक्की के साथ वैश्य जाति पर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने की अपराधी) के परिवार से मिलने के पार्टी के निणर्य से असहमत हूं। जिला उपाध्यक्ष नोएडा महानगर ने कहा कि अपने पद एवं समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से सोसायटी के अपने सभी सहयोगियों के साथ इस्तीफा दे रहा हूं । महिलाओं के साथ गाली गलौज धक्का-मुक्की और बदतमीजी मुझे या मेरे किसी भी सहयोगी को बर्दाश्त नहीं है । आखिर राष्ट्रीय अध्यक्ष 9 सदस्य प्रतिनिधिमंडल इनाम घोषित अपराधी श्रीकांत त्यागी के परिवार से मिलने की अनुमति कैसे दे सकते हैं जिस अपराधी प्रवृति के व्यक्ति से बीजेपी दामन छुड़ा ली उससे सपा कैसे चिपक सकती है सोसाइटी के अलावा नोएडा उत्तर प्रदेश और पूरे देश में हर कोई महिला की साथ दुर्व्यवहार पर दुखी हैं । ज्ञात रहे जिस दिन विशेष वर्ग की रैली श्रीकांत के पक्ष में हुई थी उसी दिन सोसायटीओं में महिलाओं ने जोरदार विरोध किया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश जी को मैं बताना चाहता हूं कि उस रैली में, नोएडा के किसी भी सोसाइटी के 10 लोग भी श्रीकांत के पक्ष में नहीं पहुंचे थे त् सभ्य समाज में कोई भी इंसान महिला के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं करेगा चाहे वह किसी भी जाति धर्म संप्रदाय लिंग या भाषा का हो। मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय से पूछना चाहता हूं कि जब यह मामला ठंडा पड़ रहा था तो अचानक महिला विरोधी निर्णय क्यों। आखिर कहीं ठंडे तवे पर रोटी सिकती है क्या। महिला की प्रतिष्ठा से छेड़छाड़ का यह संवेदनशील मामला है जिसमें आधी आबादी श्रीकांत त्यागी के इस घृणित कृत्य से दुखी है और न्याय चाहती है । इसका वीडियो भारत के हर महिलाओं एवं बच्चियों के पास पहुंच चुका है इसके अलावा जातिसूचक शब्द का गंदे तरीके से प्रयोग श्रीकांत द्वारा किया गया है । प्रतीत होता है कि यह प्रतिनिधिमंडल सिर्फ श्रीकांत त्यागी को संतुष्ट करने के लिए भेजा जा रहा है क्योंकि ज्यादातर सदस्य उसी के जात के हैं,जबकि पीडित महिला के जाति के एक भी सदस्य को उस डेलिगेशन में रखा नहीं गया है । इसका मतलब यह है समाजवादी पार्टी के इस डेलिगेशन भेजने से जातीय संघर्ष को बढ़ावा मिलेगा त् समाजवादी पार्टी पर पहले से ही जातीयता का ठप्पा लगते रहा है । विधानसभा चुनाव में सुनील चौधरी जी ने सोसायटी के लोगों को जोड़ने की कोशिश की थी और इसका फायदा चुनाव में भी मिला ।जहां सोसायटी ओं में बस्ते नहीं लगते थे पोलिंग एजेंट नहीं बनते थे इस बार मेरे नेतृत्व में बना । जहां सोसाइटी की महिलाएं समाजवादी पार्टी के तथाकथित गुंडागर्दी के कारण, समाजवादी पार्टी से दूर रहती थी ,मेरे आने से उनका पार्टी पर भरोसा बढ़त,सोसाइटी की महिलाएं बढ़-चढ़कर चुनाव एवं समाजवादी कार्यक्रम में हिस्सा लिया । कई महिलाएं पोलिंग एजेंट भी बनी अब वही महिलाएं अब श्रीकांत त्यागी मामले पर सपा का पक्षधर होने पर प्रशन उठा रही है जिसका जवाब देना मेरे लिए कठिन हो रहा है । इन्हीं कारणों के से व्यथित होकर मैं अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी के उपाध्यक्ष पद एवं प्राथमिक सदस्यों से इस्तीफा दे रहा हूं ।

## जानिये- डीएमआरसी के स्टैम्प के बारे में

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** स्टेशन एक्सेस एवं मोबिलिटी प्रोग्राम (स्टैम्प) के साथ दिल्ली मेट्रो में सफर अब और भी आसान हो जाएगा। दिल्ली परिवहन विभाग एवं दिल्ली मेट्रो के साथ बहुप्रकार परिवहन व्यवस्था को आपस में जोड़ने व सुधार लाने के लिए टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन (टीएमएफ) और विश्व संसाधन के लिए एकीकृत परिवहन व्यवस्था विकसित करना अनिवार्य है। स्टैम्प के जरिये दिल्ली को पर्यावरण के अनुकूल, आसान एवं मल्टी-माडल परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। डब्लूयूआरआइ इंडिया के निदेशक परिवहन पवन मुलुकुटला ने कहा कि स्टैम्प दिल्ली तीन मुख्य क्षेत्रों में काम करेगा। पहला यह गतिशीलता के एक मंच का निर्माण कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी। स्टैम्प दिल्ली इस कार्यक्रम का सातवां संस्करण है। भारत के विभिनन शहरों को उच्च गुणवत्ता की लास्ट माइल कनेक्टिविटी सुविधाजनक बनाने के लिए इसकी शुरूआत दिसंबर 2016 में टीएमएफ और डब्लूयूआरआइ इंडिया द्वारा की गई थी। सार्वजनिक परिवहन, मल्टीमाडल गतिशीलता, डाटा



संस्थान भारत (डब्लूयूआरआइ इंडिया) के साथ बृहस्पतिवार को इंडिया हैबिटेट सेंटर में स्टैम्प को लांच किया गया। दिल्ली परिवहन विभाग के मुख्य सचिव एवं आयुक्त आशीष कुमार ने कहा कि दिल्ली के विकास के साथ प्रभावी मास ट्रांजिट की मांग बढ़ रही है, जिसके चलते आधुनिक तकनीक की आवश्यकता है। शहर में दक्ष और सुगम परिवहन करेगा, जिससे यात्री एक ही जगह पर विभिनन परिवहन सेवाओं की जानकारी ले सकेंगे व सार्वजनिक परिवहन से अपनी यात्रा की योजना बना सकेंगे। दूसरे, यह शेयर्ड आटो, ई-रिक्शा का लाभ उठाने के लिए काम करेगा। स्टैम्प के जरिये मेट्रो स्टेशन से लेकर यात्री के गंतव्य तक के लिए ई-आटो, ई-साइकिल, ई-स्कूटर के जरिये लास्ट माइल आधारित नियोजन एवं कार्बन-कम करने वाली तकनीकों को बढ़ावा देना, इसका मुख्य उद्देश्य है। इसके तहत दिल्ली में स्वच्छ, डिजिटल एवं इंटरकनेक्टेड परिवहन उपलब्ध कराने के डाटा आधारित समाधानों एवं रणनीतियों पर काम किया जा रहा है। डीएमआरसी के महाप्रबंधक विकास कुमार ने कहा कि स्टैंप से मेट्रो यात्रियों को सुरक्षित साधन उपलब्ध होगा।

आधुनिक समाचार
हिन्दी दैनिक




# गुमनाम' के ट्रेलर के साथ अक्षय कुमार की फिल्म 'कटपुतली' को किया टैग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** बॉक्स ऑफिस पर तो अक्सर फिल्मों के बीच टक्कर दिखायी देती है, मगर ओटीटी स्पेस में ऐसी जंग पहले नहीं देखी गयी है, जब एक प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो रही फिल्म को टक्कर देने के लिए किसी दूसरे प्लेटफॉर्म ने वैसी ही फिल्म ठीक उसी दिन रिलीज करने का एलान किया है और साथ ही सोशल मीडिया पोस्ट में दूसरे प्लेटफॉर्म की फिल्म को टैग भी किया हो। डिजनी प्लस हॉटस्टार पर 2 सितम्बर को अक्षय कुमार और रकुल प्रीत सिंह की फिल्म कटपुतली रिलीज हो रही है। यह एक साइकोलॉजिल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें पुलिस अफसर बने अक्षय एक सनकी कातिल को खोजते हुए नजर आएंगे। उधर, इसी गुरुवार को जी5 ने गुमनाम फिल्म की घोषणा की, जो तेलुगु फिल्म रक्षासुडु का हिंदी डब वर्जन है। 2019 में आयी इस फिल्म का निर्देशन रमेश वर्मा ने किया है, जबकि बेल्लमकोंडा श्रीनिवास और अनुपमा परमेश्वरन ने लीड रोल निभाये हैं। यहां बता दें कि अनुपमा ने कार्तिकेय 2 में भी फीमेल लीड रोल निभाया है। इन दोनों फिल्में को ट्रेलर देखें तो यह बिल्कुल एक जैसी लग रही हैं और इसकी वजह है ओरिजिनल फिल्म। दरअसल, रक्षासुडु 2018 में आयी तमिल फिल्म रतसासन का आधिकारिक तेलुगु रीमेक है। कटपुतली भी इसी फिल्म का रीमेक है। हालांकि, मेकर्स ने इसकी पुष्टि नहीं की है कि यह रतसासन का रीमेक है। यह तो बात रही दोनों फिल्मों के सब्जेक्ट एक जैसे होने की, मगर सबसे दिलचस्प बात यह है कि जी5 ने गुमनाम का ट्रेलर शेयर करने के साथ कटपुतली को भी टैग किया है, जिसको लेकर यूजर्स रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने कटपुतली और गुमनाम को रतसासन का रीमेक बताया है। गुमनाम भी 2 सितम्बर को जी5 पर रिलीज हो रही है। कटपुतली अक्षय कुमार का अपने फैंस के लिए सरप्राइज गिफ्ट है, क्योंकि यह फिल्म अक्षय की इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों की लिस्ट में कहीं नहीं थी। सम्राट पृथ्वीराज के बाद अक्षय के फैंस राम सेतु का इंतजार कर रहे थे, मगर अचानक एलान किया गया कि कटपुतली डिजनी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। कटपुतली का निर्माण पूजा एंटरटेनमेंट ने किया है, जबकि गुमनाम को पेन इंडिया लि. रिलीज कर रहे हैं। कार्तिक आर्यन की फिल्म शहजादा के साथ भी कुछ ऐसा ही होने वाला था, जब पुष्पा-द राइज की सुपर सक्सेस के बाद अल्लू अर्जुन की फिल्म आला वैकुंठपुरमुलू के निर्माताओं ने इसे हिंदी में डब करके सिनेमाघरों में रिलीज करने का प्लान बनाया था, जिसके बाद शहजादा के मेकर्स के बीच हड़कम्प मच गया था, क्योंकि शहजादा इसी फिल्म का रीमेक है। अगर आला वैकुंठपुरमुलु हिंदी में रिलीज हो जाती तो शहजादा की लोकप्रियता सीधे प्रभावित हो सकती थी।




# सोनम कपूर पोस्ट डिलीवरी टमी फ्लॉन्ट करती आई नजर, वायरल वीडियो में कही ये बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** सोनम कपूर ने हाल ही में बेटे को जन्म दिया हैत् अब वह डिलीवरी के बाद अपने टमी (पेट) को मिरर में दिखाकर वीडियो बनाती नजर आ रही हैंत् सोनम कपूर ने डिलीवरी के बाद में पेट के साथ एक वीडियो बनाया हैत् 20 अगस्त को उन्हें बेटा हुआ हैत् सोनम कपूर ने आनंद आहूजा से शादी कर ली हैत् सोनम कपूर बॉलीवुड में मां बनने वाली हालिया एक्ट्रेस हैत् हाल ही में उन्होंने बेटे को जन्म दिया हैत् गुरुवार को अस्पताल से घर पहुंची और उन्होंने अपनी कई तस्वीरें भी शेयर की है सोनम कपूर अभी भी मैटरनिटी से जुड़े कपड़े पहन रही हैत् सोनम कपूर ने एक वीडियो शेयर किया है जो कि मुंबई में स्थित उनके घर का हैत् इसमें उन्हें ब्लैक पैंट और मैचिंग जैकेट और ग्लासेस पहने हुए देखा जा सकता हैत् इसके बाद वह अपना जैकेट उठाती है और अपना पेट दिखाती नजर आ रही हैत् इसके बाद वह कह रही है, 'मैं अभी भी मैटरनिटी के कपड़े पहन रही हूंत् पेट अभी भी पूरी तरह से अंदर नहीं गया है लेकिन अच्छा लग रहा हैत' इसके बाद वह कैमरे की ओर देखकर स्माइल करती नजर आ रही है सोनम कपूर और आनंद आहूजा को 20 अगस्त को बेटा हुआ हैत् इस अवसर पर दोनों काफी खुश नजर आएत् सोनम कपूर जब अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर पहुंची थी, तब उनका भव्य स्वागत किया गया थात् वहीं कई लोगों को मिठाइयां भी बांटी गई थी सोनम कपूर जल्द सुजॉय घोष की फिल्म ब्लाइंड में नजर आएंगीत् सोनम कपूर फिल्म एक्ट्रेस हैत् वह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय है वह अक्सर अपने फैशन से जुड़ी शेयर करती है



# लड़ाई की खबरों के बीच कृष्णा के साथ मसाज करवाने पहुंचे कपिल शर्मा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** फेमस कॉमेडियन कपिल शर्मा (ख्ँज्त् ऍर्प्ऌ) कृष्णा अभिषेक (खेर्प्ह् 'पेप) के साथ अनबन की खबरों के बीच एक वीडियो शेयर किया है जिसके बाद सभी की गलतफहमी दूर हो चुकी है। जहां महिला कहती हैं कि 15 मिनट पूरे हो गए। इसके बाद कृष्णा और कपिल दोनों अपनी सीट से एकदम खड़े होकर भागने लगते हैं और वहां मौजूद सभी हंसने लगते हैं। वीडियो को शेयर करते हुए कपिल शर्मा ने लिखा, 'मुफ्त की मसाज'।



कहा जा रहा था कि कपिल की वजह से ही कृष्णा ने 'द कपिल शर्मा शो' का हिस्सा बनने से मना किया है और अब दोनों के बीच लड़ाई चल रही है। ऐसे में अब वीडियो के जरिए कपिल ने जवाब दे दिया है। शेयर किया गया ये वीडियो काफी मजेदार है। इस वीडियो में दोनों एयरपोर्ट पर मुफ्त की मसाज लेते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान कृष्णा और कपिल काफी मजाकिया मूड में नजर आ रहे हैं। वीडियो में कपिल और कृष्णा साथ बैठे हुए हैं। कृष्णा मसाज करने वाली महिला से पूछते हैं कि फुट मसाज के कितने पैसे हैं? महिला बताती हैं कि 15 मिनट तक मसाज फ्री है। इसके बाद कृष्णा बोलते हैं कि 15 मिनट के बाद आप पैसे चार्ज करेंगी? तो महिला कहती हैं हां। इस पर कृष्णा पूछते हैं कि अभी कितना समय हो गया है बता दें द कपिल शर्मा कई महीनों के ब्रेक के बाद अपनी वापसी कर रहा है। हाल ही में शो का नया प्रोमो रिलीज हुआ था। इस प्रोमो में कई कृष्णा नजर नहीं आए, जिसके बाद कहा गया की दोनों की आपस में लड़ाई हुई और कृष्णा अभिषेक ने कपिल का शो जोड़ा। इस तरह की कई बाते मीडिया में छाई। हालांकि अब खुद कृष्णा अभिषेक ने सब क्लियर कर दिया है। वैसे बता दें कृष्णा अभिषेक ने द कपिल शर्मा शो में सपना का किरदार निभाया था जो दर्शकों को खूब पसंद आया था। बता दें इस बार कपिल के शो में कई नए चेहरे नजर आने वाले हैं। कपिल शर्मा के अलावा कीकू शारदा, सिद्धार्थ सागर, गौरव दुबे, सुमोना चक्रवर्ती, चंदन प्रभाकर जैसे कॉमेडियन शामिल हैं। ये शो 10 सितंबर से हर शनिवार और रविवार को रात 9.30 बजे टेलीकास्ट होगा।

# प्लेन में पार्टनर संग रोमांस के चक्कर में बुरे फंसे थे करण जौहर


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** करण जौहर के शो कॉफी विद करण में इस सीजन में कई बड़े सितारे नजर आएं, जिन्होंने अपनी निजी जिंदगी और रोमांटिक रिलेशनशिप को लेकर कई खुलासे किए। इस हफ्ते करण जौहर के शो पर हीरोपंती को-स्टार्स कृति सेनन और टाइगर श्रॉफ खास मेहमान बनकर पहुंचे थे। सभी की डेटिंग लाइफ से लेकर रोमांटिक रिलेशनशिप के राज खुलवाने वाले करण जौहर ने टाइगर और कृति के सामने अपनी रोमांटिक लाइफ को लेकर एक बड़ा राज खोल दिया। जिसे सुनने के बाद फैंस के भी होश उड़ गए। दरअसल करण जौहर ने कॉफी विद करण के रैपिड फायर राउंड के दौरान कृति और टाइगर से कई सवाल किए। इसी दौरान करण जौहर ने टाइगर से ये पूछा कि कौन सी ऐसी अजीब जगह है जहां तुमने मेक आउट किया है, जिसको सुनने के बाद टाइगर ने जवाब देते हुए कहा, 'यह बिलकुल भी अजीब नहीं था बल्कि मुझे लगता है हवा में रोमांस करना काफी एडवेंचर था। टाइगर श्रॉफ की मुंह से ऐसा जवाब सुनकर निर्माता करण जौहर थोड़े से हैरान रह गए और उन्होंने तुरंत जवाब देते हुए कहा, 'तो तुम भी माइल हाई क्लब के मेंबर हो'। टाइगर श्रॉफ की इस बात को सुनकर निर्माता करण जौहर इतने एक्साइटेड हो गए कि उन्होंने उतावलेपन में अपने रोमांटिक रिलेशनशिप का राज खोल दिया। करण जौहर ने कहा, 'मुझे नहीं पता लोग ये कैसे करते हैं। हम इस बारे में इस शो के बाद बात करेंगे। मैंने भी प्लेन में अपने पार्टनर संग रोमांटिक होने की कोशिश की थी, लेकिन वह जगह बहुत ही छोटी थी और मैं बहुत ही भारी भरकम था। ये मेरी किस्मत थी कि मैं बच गया, वरना तो मैं लगभग पकड़ा ही गया था और कांड होते-होते बचा था। वह बहुत ही मैसी सिचुएशन थी'। इस साल की शुरुआत में भी करण जौहर ने एक इंटरव्यू के दौरान ये खुलासा किया था कि उन्हें इस बात का दुःख है कि उन्होंने अपनी निजी जिंदगी पर उतना ध्यान नहीं दिया जितना उन्हें देना चाहिए था। लेकिन मैं इस बात से बहुत खुश हूं कि मैंने जिंदगी में पैरेंट बनने का निणर्य लिया। करण जौहर की फिल्मों की बात करें तो उनकी हालिया रिलीज हुई फिल्म 'लाइगर' बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी है। इसके अलावा अमिताभ बच्चन और रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' 9 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।



# पिंक टी-शर्ट में सुपरहीरो बनकर सुप्रीमो ने की थी लोगों की रक्षा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दी हैं। बच्चे, बूढ़े, युवा सभी के पसंदीदा बिग बी अपनी शानदार अदायगी की वजह से इंडस्ट्री के बादशाह बन गए हैं। उन्होंने कई ऐसे किरदार निभाए हैं जो आज भी आइकॉनिक और इंस्पिरेशनल माने जाते हैं। लेकिन अगर आपसे कहा जाए कि अमिताभ बच्चन सिर्फ अभिनेता ही नहीं बल्कि सुपरमैन भी हैं तो यकीन करना मुश्किल हो सकता है। लेकिन 1980 के दशक में अमिताभ बच्चन को बच्चों का सुपरहीरो या फिर सुपरमैन कहा जाता था। द प्रिंट के अनुसार, न केवल उनकी एंग्री यंग मैन, एक्शन हीरो की छवि के कारण बल्कि उस दौर में आई 'द एडवेंचर्स ऑफ अमिताभ बच्चन' कॉमिक बुक जिसमें उनका अवतार उनके असल रूप से अलग सुपरमैन का दिखाया गया था। खास बात यह भी है कि अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के पहले अभिनेता थे, जिन पर कॉमिक बुक सीरीज बनी थी। युवा भारतीय पाठक टिंकल सीरीज की कॉमिक्स पढ़कर बढ़े हुए हैं। मार्वेल, सुपरहीरो जैसी पुरानी कॉमिक्स की कहानी पर बिग बजट फिल्म बन चुकी है। लेकिन 80 के दशक में बच्चों के लिए फैंटम और सुपरमैन के अलावा 'सुप्रीमो' के रूप में अमिताभ बच्चन का अलग ही क्रेज था। दरअसल, ये उस वक्त की बात है जब बिग बी गोवा में फिल्म पुकार की शूटिंग कर रहे थे। उस वक्त उनके साथ एक्टर रणधीर कपूर भी मौजूद थे। कहा जाता है कि बिग बी की फैन फॉलोइंग इतनी ज्यादा थी कि उनकी एक झलक पाने के लिए फैंस की घंटों लाइन लगी रहती थी। जिसकी वजह से कई बार शूटिंग तक रोकनी पड़ जाती थी। अमिताभ बच्चन की पॉपुलैरिटी को देखते हुए रणधीर कपूर ने उन्हें 'सुप्रीमो' का नाम दिया था। हालांकि, यह नाम मस्ती-मजाक में रखा गया था लेकिन फिल्म मैगजीन एडिटर पम्मी बक्शी ने इस नाम को कॉमिक बुक 'द एडवेंचर्स ऑफ अमिताभ बच्चन' में उनके किरदार का नाम दे दिया। हिंदी में यह कॉमिक्स 'किस्से अमिताभ बच्चन के' नाम से थी। उन दिनों में बच्चों के बीच भी बिग बी का क्रेज काफी ज्यादा था, इसलिए सुप्रीमो में अमिताभ बच्चन को सुपर हीरो की तरह दिखाया गया, जो लोगों की मदद करता है। कॉमिक्स की स्क्रिप्ट मशहूर लेखक गुलजार ने लिखी थी। अमर चित्र कथा के लिए मशहूर चित्रकार प्रताप मलिक को चुना गया था। बच्चों के बीच पॉपुलर थी कॉमिक्स कॉमिक बुक में अमिताभ बच्चन को बड़ा सा चश्मा और कुछ अतरंगी चश्मे पहने दिखाया गया था। यह एक ऐसा सुपरमैन था जिसके पास स्पेशल पावर्स नहीं थे लेकिन वह अपने दिमाग और विल पावर का इस्तेमाल कर लोगों की रक्षा करता था। कॉमिक्स में एंथनी और विजय नाम से सुप्रीमो के दो साथी भी दिखाए गए। जब यह कॉमिक रिलीज हुई तो बच्चों ने इसकी कहानी को खूब पसंद किया। बिग का क्रेज और कॉमिक्स को लेकर बच्चों की दीवानगी को देखते हुए इसकी कीमत 4 रुपये रखी गई थी। हालांकि, दो साल बाद किसी कारण से सुप्रीमो कॉमिक्स को प्रकाशित करना बंद कर दिया गया।





# विराट कोहली ने पांच साल तक किराये पर लिया किशोर कुमार का बंगला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** बॉलीवुड के फेमस सिगंर और एक्टर रहे किशोर कुमार आज भले ही इस दुनिया में न हो लेकिन अपने गाने से वो अपनी मौजूदगी का ऐहसास करवाते हैं। आज भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं। इसी बीच अब सिगंर के बंगले को लेकर एक दिलचस्प खबर सामने आ रही है। दरअसल, किशोर कुमार के जुहू वाले बंगले को भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने कुछ सालों के लिए लीज पर ले लिया है। इस बंगले को 5 साल के लिए लीज पर ले लिया है. यहां पर क्रिकेटर जल्द ही नया हाई ग्रेड रेस्टोरेंट शुरू करने वाले हैं। इस खबर पर पक्की मुहर किशोर कुमार के बेटे अमित कुमार ने लगाई है।ईटाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक विराट कोहली ने किशोर कुमार के जुहू स्थित बंगले के परिसर का एक बड़ा हिस्सा लीज पर ले लिया है। इस जगह को जल्द ही एक हाईग्रेड रेस्टोरेंट का रुप दे दिया जाएगा। खबरों की माने तो रेस्टोरेंट का काम आधे से ज्यादा पूरा हो चुका है और आने वाले कुछ समय में इसे शुरू कर दिया जाएगा।



# फरहान अख्तर बड़ी बेटी की हॉटनेस के आगे फेल हैं बाकि स्टारकिड्स, तस्वीरों ने इंटरनेट पर लगाई आग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** अक्सर देखा जाता है कि फैंस स्टार्स से कहीं ज्यादा स्टार किड्स में दिलचस्पी रखते हैं। फिर चाहे वो शाह रुख खान की बेटी सुहाना खान हो या फिर काजोल की बेटी नीसा देवगन या फिर अमिताभ बच्चन की पोती नव्या नवेली नंदा ही क्यों न हों। फैंस हर किसी के बारे में करीब से जानना चाहते हैं। पैपराजी भी स्टार किड्स को खूब पसंद करते हैं और उन्हें अपने कैमरे में कैद करने का मौका हाथ से जानें नहीं देते हैं। आज हम आपको एक ऐसे ही स्टारकिड्स ह के बारे में बताने जा रहो हैं जो भले ही लाइम लाइट से दूर रहता हो लेकिन वो स्टाइल में सुहाना खान और अनन्या पांडे को भी टक्कर देती हैं। ये कोई और नहीं बल्कि एक्टर फरहान अख्तर की बेटी शाक्य अख्तर है। आज हम आपको शाक्य के बारे में बताने जा रहे हैं। यहां देखें शाक्य की अनदेखी तस्वीरें बॉलीवुड एक्टर फरहान अख्तर न सिर्फ एक एक्टर बल्कि एक बेहतरीन सिंगर और डायरेक्टर भी हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में अपनी एक अलग छाप छोड़ी है। पर्दे पर फरहान ने कई तरह के रोल को जिया है। फरहान न सिर्फ अपने प्रोफेशनल बल्कि अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब चर्चा में रहते हैं। फरहान की बेटी शाक्य अख्तर भी स्टाइल में अपने पिता से कम नहीं हैं। फरहान की बेटी शाक्य भले ही एक्टिंग से दूर हैं, लेकिन वो सोशल मीडिया पर अपने लुक्स को लेकर छाई रहती हैं। शाक्य अक्सर अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें फैंस के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट करती रहती हैं। आपको बता दें कि शाक्य अख्तर, फरहाना अख्तर की पहली पतनै अधुना की बेटी हैं। शाक्य के अलावा अधुना और फरहना की एक और बेटी है जिसका नाम अकीरा अख्तर है। फरहान की दोनों बेटियां उनके काफी करीब हैं। उनके बीच में काफी अच्छी बॉन्डिंग देखी जाती है। बात दें कि फरहान और अधुना ने शाद के 15 सालों बाद साल 2016 में तलाक लिया था, जो काफी चर्चा में रहा था।



# खुशी कपूर का जिम लुक देख हो जाएंगे दंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** खुशी कपूर को हाल ही में मुंबई में स्पॉट किया गया है। इस अवसर पर वह कैजुअल ड्रेस पहने नजर आईत् उन्होंने ब्रालेट और लेगिंग्स पहन रखी थी। इसके अलावा उन्होंने जैकेट ले रखा था। स्किन टाइट ड्रेस होने की वजह से उनका स्लिम और टोंड फिगर भी नजर आ रहा था। खुशी को बैंक से निकलकर अपनी गाड़ी में जाकर बैठते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने एक व्हाइट कलर का बैग भी ले रखा था खुशी कपूर की वीडियो पर फैंस दिल खोलकर लाइक और कमेंट कर रहे हैं खुशी कपूर की वीडियो पर फैंस दिल खोलकर लाइक और कमेंट कर रहे हैं। खुशी कपूर फिल्म एक्ट्रेस है। वह जल्द द आर्चीज नामक फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके अलावा शाह रुख खान की बेटी सुहाना खान और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्स्य नंदा जैसे कई कलाकार नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन जोया अख्तर ने किया हैत्खुशी कपूर श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी हैं। वह जाह्नवी कपूर से छोटी है। वह भी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय है। वह अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करती हैं। खुशी कपूर फिल्मों में काम करने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कई फिल्मों में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया है। वह फिल्मों में काम करने के लिए आतुर है वहीं जाह्नवी कपूर की फिल्में काफी पसंद की गई हैत् वह हाल ही में गुड लक जेरी में नजर आई थी। यह फिल्म पंजाब के ड्रग्स की समस्या पर आधारित थी। इसमें ब्लैक कॉमेडी के माध्यम से इसे बताया गया था। जाह्नवी कपूर ने कई फिल्मों में काम किया है। वहीं वह बहन के साथ फोटोशूट कराती नजर आती है।



# ऋतिक रोशन की एक्स वाइफ सुजैन खान ने सिर्फ ब्रालेट में शेयर कर दी अपनी तस्वीर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन जहां इन दिनों एक तरफ सिंगर सबा आजाद के साथ लिंकअप की खबरों को लेकर काफी चर्चा में हैं। वहीं उनकी एक्स वाइफ सुजैन खान भी अपने अफेयर की खबरों को लेकर छाई हुई हैं। सुजैन खान बिग बॉस फेम एक्टर अली गोनी के भाई अर्सलान गोनी संग लगातार रिलेशनशिप के चलते सुर्खियों में हैं। एक तरफ अक्सर दोनों को एक साथ स्पॉट किया जाता है। वहीं सोशल मीडिया पर दोनों सुजैन और अर्सलान एकदूजे पर प्यार लुटाने का एक भी मौका हाथ से जानें नहीं देते हैं। इसी बीच अब सुजैन खान की एक तस्वीर इंटरनेट पर बवाल मचा रही है। इस तस्वीर में सुजैन अपनी बोल्डनेस से हर किसी को हैरान करती दिख रही हैं। सुजैन खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरों के जरिए फैंस के साथ जुड़ी रहती है। इसी बीच सुजैन ने अपनी एक बेहद हॉट तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है। इस तस्वीर में आप देख सकते हैं कि सुजैन ब्लैक कलर की डिजाइनर ब्रालेट पहने कैमरे के सामने पोज देती दिख रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने डेनिक की शॉर्ट पैंट कैरी की है। वहीं इस दौरान सुजैन के बाल ओपन हैं और वो बेहद ही लाइट मेकअप में नजर आ रही हैं। इस तस्वीर को देखकर साफ पता चल रहा है कि वो ये उनके किसी वेकेशन की दौरान की है। सुजैन की इस तस्वीर को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं इस पर कमेंट कर फैंस लगातार उनके लुक और स्टाइल की तारीफ करते नजर आ रहे हैं। अबतक इस फोटो को काफी बार देखा जा चुका है। हाल ही में सुजैन ने अर्सलान संग अपना एक वीडियो पोस्ट किया था। इस वीडियो में दोनों एक दूसरे पर जमकर प्यार लुटाते नजर आ रहे थे। इस वीडियो के साथ ही इसका कैप्शन भी काफी खास था। सुजैन ने कैप्शन में लिखा था, 'मुझे नहीं पता कि तुम्हें क्या बताया गया हैए लेकिन वक्त बीत रहा हैए तो ऐसे सोने की तरह खर्च करो। थैंक्यू सो मच मेरे प्यारे कैलिफोर्नियाए हमें हमारा बेस्ट समर देने के लिए।'



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?


**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।






स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।


आधुनिक समाचार
हिन्दी दैनिक



# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।





## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रस्तावित व्यवसायों मे अगस्त 2021मे प्रारम्भ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी0सी0ए0), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कण्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी0एन0सी0 प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्युनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया मे प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय मे सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

**visit us at : www.nainiiti.com**

प्रवेश कार्यालय :- तुल्सीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करें :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274